
RNI NO: UPHIN/2023/89251

वर्ष : 02
अंक : 328
बुधवार 04 नवंबर 2026
मूल्य : 02 रूपये
पृष्ठ : 08
कुशीनगर से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इंडिपेंडेंट भारत



पेज-2 दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित उत्पादों की दो...
पेज-3 सेहुंडा में शरद चांदनी में निखरा दशहरा...
पेज-4 शंकरगढ़ में शिक्षा के साथ संस्कार का संदेश, छोटे...

संक्षिप्त समाचार

शरद पवार अस्पताल में भर्ती सीने में दर्द की शिकायत

पुणे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार को सोमवार को पुणे के रूबी हॉल क्लिनिक में भर्ती कराया गया।



85 वर्षीय पवार को खांसी के बाद सांस लेने पर बढ़ने वाले सीने में दर्द की शिकायत हुई थी। उनकी बेटी और सांसद सुप्रिया सुले ने बताया कि चिकित्सकीय जांच जारी है और फिलहाल उनके सभी स्वास्थ्य मानक स्थिर हैं। अस्पताल के मुख्य हृदय रोग विशेषज्ञ एवं अध्यक्ष डॉ. पुरवेज के. ग्रांट के अनुसार, पवार की हालत में सुधार की उम्मीद है। एहतियातन उन्हें चिकित्सकीय निगरानी में रखा जाएगा। पवार को सांस लेने, खांसने या छींकने पर बढ़ने वाला दर्द महसूस हुआ था।

श्रीकृष्ण पर टिप्पणी के बाद धीरेंद्र शास्त्री ने मांगी माफी

मथुरा। भगवान श्रीकृष्ण पर टिप्पणी को लेकर विवादों में आए बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सफाई देते हुए माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि उनकी बात का गलत अर्थ निकाला गया और भगवान श्रीराम तथा श्रीकृष्ण में भेद करने का उनका कोई उद्देश्य नहीं था। शिवपुरी में श्रीराम कथा के दौरान धीरेंद्र शास्त्री ने दोनों देवताओं की तुलना करते हुए श्रीकृष्ण की मुद्रा और वृंदावन का उल्लेख किया था। उनका वीडियो सामने आने के बाद मथुरा के साधु-संतों ने नाराजगी जताई और उनसे माफी मांगने की मांग की।

कर्नाटक की निजी कंपनियों में लगेगा कन्नड़ ध्वज

बेंगलुरु। कर्नाटक में निजी कंपनियों के परिसरों में लाल-पीला कन्नड़ ध्वज लगाना अनिवार्य किया जा सकता है। मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने रविवार को संकेत दिया कि इस संबंध में आदेश इसी महीने जारी हो सकता है। यह प्रस्ताव ऐसे समय सामने आया है, जब राज्य की सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों में स्थानीय लोगों को रोजगार देने में कथित भेदभाव की शिकायतें उठ रही हैं। सरकार का यह कदम कन्नड़ भाषा और स्थानीय पहचान को बढ़ावा देने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। इससे पहले 2018 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने कर्नाटक के लिए अलग आधिकारिक राज्य ध्वज का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था।

शाह ने राहुल को लिया आड़े हाथ, कहा-

नकली संसद में प्रधानमंत्री बन जाते असली में तो कभी नहीं बन पाएंगे

■ हैदराबाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को हैदराबाद में कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि विपक्ष चुनावी पराजय के बाद अराजकता के सहारे सत्ता हासिल करना चाहता है। भाजपा के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के अंतर्गत आयोजित पदयात्रा और जनसभा में शाह ने राहुल गांधी की दिल्ली में आयोजित मॉक पार्लियामेंट पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे नकली संसद में प्रधानमंत्री बन जाते तो सोनिया गांधी के दिल को शांति मिल जाती। असली संसद में वे कभी प्रधानमंत्री नहीं बन पाएंगे।



मतदाता सूची के पुनरीक्षण पर कांग्रेस को घेरा

शाह ने मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के मुद्दे पर राहुल गांधी के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि लगभग छह करोड़ मतदाता दूसरी जगह चले गए हैं, तीन करोड़ की मृत्यु हो चुकी है और एक करोड़ मतदाताओं के नाम दोहराए गए हैं। उन्होंने सवाल किया कि मृत व्यक्तियों, दो स्थानों पर दर्ज मतदाताओं और स्थानांतरित हो चुके लोगों के नाम सूची से हटाए जाने में आपत्ति क्यों होनी चाहिए? उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस फर्जी मतदान के सहारे चुनाव जीतना चाहती है। भाजपा की चुनावी सफलताओं का उल्लेख करते हुए शाह ने कहा कि पार्टी 2014 और 2019 में भी जीती थी, तब एसआईआर नहीं हुआ था। वर्ष 2024 के चुनाव के बाद भी भाजपा ने महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली, बिहार और असम में सफलता हासिल की। उन्होंने तेलंगाना में भी भाजपा की जीत का विश्वास जताया।

ईवीएम पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप

शाह ने राहुल गांधी पर चुनावी हार के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को दोष देने और जीतने पर जनता को श्रेय देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यदि ईवीएम में गड़बड़ी है तो कांग्रेस तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश और केरल में सरकार बनाने में कैसे सफल हुई? उनके अनुसार, कांग्रेस जनता का विश्वास खो चुकी है और अराजकता के माध्यम से चर्चा में बने रहना चाहती है।

मोदी सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं

कांग्रेस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए शाह ने कहा कि उसके दस वर्षों के शासन में 12 लाख करोड़ रुपये के घोटाले हुए, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल में उन पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप साबित नहीं हुआ। उन्होंने राहुल गांधी को चुनौती देते हुए कहा कि केवल झूठ फैलाकर चुनाव नहीं जीते जा सकते। शाह ने तेलंगाना की कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि रेवंत रेड्डी राज्य को कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व के लिए एटीएम की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। साथ ही, राहुल गांधी की छह गारंटियों को अधूरा बताते हुए कहा कि जनता से किए गए वादे पूरे नहीं हुए हैं। भाजपा का 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान 22 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चल रहा है। यह अभियान विपक्ष द्वारा एसआईआर और कथित मतदाता सूची अनियमितताओं को लेकर उठाए जा रहे सवालों के जवाब में शुरू किया गया है।

शाह ने कहा कि कांग्रेस विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध इसलिए कर रही है, क्योंकि वह मतदाता सूची से बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम हटने नहीं देना चाहती। उन्होंने आरोप लगाया कि घुसपैठिए कांग्रेस का वोट बैंक हैं। राहुल गांधी और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी चाहे जितना जोर लगा लें, भाजपा एक-एक घुसपैठिए को देश और मतदाता सूची से बाहर निकालने के लिए प्रतिबद्ध है। शाह ने दावा किया कि देश में तीन करोड़ बांग्लादेशी घुसपैठिए हैं।

संघ के कार्यकारी मंडल की बैठक इंदौर में शुरू

डॉ. मोहन भागवत और होसबाले ने किया शुभारम्भ

■ इंदौर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक सोमवार को इंदौर स्थित डेली कॉलेज के संत श्री रविदास जी महाराज सभागार में आरम्भ हो गई। बैठक का शुभारंभ सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत एवं सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन करके किया। 4 नवंबर तक चलने वाली इस बैठक में आज संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। इन कार्यक्रमों के आगामी क्रियान्वयन, अनुवर्तन तथा उनके माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचने की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में पंच परिवर्तन के विषयों को समाज के व्यवहार में प्रभावी रूप से उतारने तथा उनके निरंतर अनुवर्तन की कार्ययोजना पर अलग से चर्चा हुई है।





संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र ठाकुर के अनुसार कार्यकारी मंडल में शताब्दी वर्ष में स्वयंसेवकों द्वारा किए गए शाखा विस्तार की भी समीक्षा की जा रही है। विस्तारित शाखाओं को अधिक प्रभावी एवं नियमित बनाने, उनका दृढ़ीकरण करने तथा अधिकाधिक स्थानों पर शाखाएं प्रारंभ करने के संबंध में भी गहन कार्ययोजना पर चर्चा की जा रही है। बैठक में माननीय सरकार्यवाह श्री दत्तात्रेय होसबाले जी की ओर से तीन महत्वपूर्ण ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी व्यक्तित्वों के संबंध में वक्तव्य जारी किए जाएंगे। कार्यकारी मंडल की बैठक में बंगाल के महान समाज सुधारक राजनारायण बोस की 200वीं जयंती। शुद्धिकरण आंदोलन के पुरोधा स्वामी श्रद्धानंद की 100 वी जयंती एवं वेदांत केसरी स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती जी के बलिदान के 100 वे बर्ष पर वक्तव्य जारी किए जायेंगे। बैठक के प्रारम्भ में कार्यकारी मंडल ने दिवंगत फिल्म अभिनेता नाना पाटेकर, आशा भोंसले, पद्मश्री संत रमेश बाबा, विवेकानंद केन्द्र के पूर्व अध्यक्ष बालकृष्ण, बलवीर पुंज, एस. वेदांतम् - चेन्नई, पत्रकार विराग पाचपोर, पराग वेदिक - मुंबई, पूर्व कुलपति देवेंद्र प्रताप सिंह सच्चिदानन्द महंती, प्रसिद्ध गायिका एस. जानकी एवं सुमन कल्याणपुरीकर, संघ के वरिष्ठ प्रचारक रहे श्री विनोद कुमार को श्रदांजलि दी गई। बैठक स्थल पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा तथा मालवा क्षेत्र में संघ कार्य के क्रमिक विकास को दर्शाने वाली विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई है।

चुनौतियों के बीच भारत की विकास रफ्तार मजबूत

स्वच्छ ऊर्जा ने अर्थव्यवस्था को दिया संबल : मोदी

■ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को इंडिया रिन्यूएबल एनर्जी समिट एंड एक्सपो 2026 का उद्घाटन करते हुए कहा कि वैश्विक संकटों के बावजूद भारत ने आर्थिक विकास की मजबूत गति बनाए रखी है। कोविड-19 महामारी से लेकर पश्चिम एशिया के संकट तक दुनिया को अनेक अप्रत्याशित चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन 140 करोड़ भारतीयों के सामूहिक प्रयासों से देश इन परिस्थितियों से उबरने में सफल रहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दशक में स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश और नई व्यवस्थाओं के विकास ने भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है। यदि समय रहते इन क्षेत्रों में काम नहीं किया गया होता, तो वैश्विक संकटों का असर कहीं अधिक गंभीर हो सकता था।



उन्होंने बताया कि भारत ने 2021 में आयोजित ऊर्जा सम्मेलन में वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता हासिल करने का संकल्प लिया था। पेरिस समझौते के अंतर्गत कुल स्थापित विद्युत क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म स्रोतों से प्राप्त करने का लक्ष्य भी रखा गया था। मोदी के अनुसार, भारत ने यह लक्ष्य 2025 में ही हासिल कर लिया, जो निर्धारित समय से पांच वर्ष पहले है।

दीपोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे योगी

रामकथा पार्क से राम की पैड़ी तक किया निरीक्षण, समय पर काम पूरा करने के निर्देश



■ अयोध्या

दीपोत्सव-2026 की तैयारियों का जायजा लेने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने रामकथा पार्क, सरयू आरती घाट और राम की पैड़ी का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों एवं व्यवस्थाओं की प्रगति परखी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरे करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने रामकथा पार्क में आयोजन से जुड़ी तैयारियों की जानकारी ली। इसके बाद सरयू आरती घाट और राम की पैड़ी पहुंचकर मंच निर्माण तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि दीपोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के पहुंचने की संभावना है। ऐसे में घाटों, मार्गों और आयोजन स्थलों पर आवागमन एवं सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करें और तैयारियों की निरंतर निगरानी करें। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रामचंद्र यादव, चंद्रभानु पासवान, अमित सिंह चौहान और अभय सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

हनुमानगढ़ी में पूजा-अर्चना, राम मंदिर में अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक



अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को दीपोत्सव-2026 की तैयारियों का जायजा लेने अयोध्या पहुंचे। उन्होंने निरीक्षण के बाद हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन-पूजन कर प्रदेश की सुख-शांति की कामना की। इसके बाद श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन किए, आरती उतारी और परिक्रमा की। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने उन्हें दीपोत्सव की तैयारियों और आगामी योजनाओं से अवगत कराया। इसके बाद मुख्यमंत्री मंदिर परिसर स्थित पीएफसी सभागार पहुंचे, जहां अधिकारियों के साथ बैठक कर दीपोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने आयोजन को भव्य, सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने तथा सभी कार्य समय पर पूरे करने के निर्देश दिए।

विपक्ष के दोहरे मापदंड उजागर करेगी भाजपा

■ **शिवराज सिंह चौहान आज लखनऊ में संभालेंगे पदयात्रा की कमान**

■ लखनऊ

भाजपा 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' अभियान के तहत उत्तर प्रदेश में पदयात्राएं निकालकर विपक्ष के राजनीतिक एजेंडे और दोहरे मापदंडों को जनता के सामने उजागर करेगी। तीन से पांच नवंबर तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में होने वाली पदयात्राओं का नेतृत्व पार्टी के वरिष्ठ नेता करेंगे।




प्रदेश महामंत्री एवं अभियान प्रभारी दिलीप पटेल ने बताया कि तीन नवंबर को लखनऊ में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह पदयात्रा की अगुवाई करेंगे। इसी दिन बरेली में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी नेतृत्व करेंगे। चार नवंबर को गोरखपुर में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पंकज चौधरी पदयात्रा निकालेंगे। प्रयागराज में केशव प्रसाद मौर्य तथा कानपुर में ब्रजेश पाठक नेतृत्व करेंगे। पांच नवंबर को गाजियाबाद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में पदयात्रा निकलेगी। भाजपा इन आयोजनों के माध्यम से विपक्ष की राजनीति और उसके कथित जनविरोधी एजेंडे को जनता के समक्ष रखने की तैयारी में है।

चारधाम की चार्टर हेली सेवाएं बंद

देहरादून। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के दौरान संचालित चार्टर हेलिकॉप्टर सेवाएं इस सीजन के लिए बंद कर दी गई हैं। दो पायलट अनिवार्य करने संबंधी नियम के विरोध में 11 हेलिकॉप्टर ऑपरेटरों के अड़ने के बाद यह निर्णय लिया गया। हालांकि, केदारनाथ की नियमित शटल हेली सेवा जारी रहेगी। सोमवार को उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूसीएडीए) और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के बीच हुई बैठक में चार्टर सेवाएं अगले यात्रा सीजन से शुरू करने पर सहमति बनी।

हाईकोर्ट में दी लिखित सहमति, कहा- भविष्य में विरोध-प्रदर्शन में नहीं लूंगा हिस्सा

इमरान खान ने मांगी बिना शर्त माफी, प्रदर्शन से तौबा



■ मुंबई

एसआईआर विरोधी प्रदर्शन में शामिल होने के बाद देश छोड़ने का नोटिस झेल रहे अमेरिकी नागरिक और अभिनेता इमरान खान को बॉम्बे हाईकोर्ट के सामने बिना शर्त माफी मांगनी पड़ी। उन्होंने अदालत को आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसे किसी विरोध-प्रदर्शन में हिस्सा नहीं लेंगे। अदालत ने उन्हें अंतरिम राहत देते हुए फिलहाल भारत छोड़ने के नोटिस पर रोक लगा दी है। मामले की अगली सुनवाई 7 दिसंबर को होगी।

मुख्य न्यायाधीश महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति अद्वैत सेठना की पीठ ने इमरान के प्रदर्शन में शामिल होने पर सवाल उठाए। अदालत ने कहा कि वे लंबे समय से भारत में रह रहे हैं, फिर भी उन्हें अपनी नागरिकता की स्थिति और अधिकारों का ध्यान रखना चाहिए। पीठ ने यह भी पूछा कि यदि वे बचपन से भारत में रह रहे हैं, तो भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन क्यों नहीं करते।

ओसीआई कार्ड भारतीय नागरिकता नहीं

इमरान खान अमेरिकी नागरिक हैं और वर्ष 2006 से ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्डधारक हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि ओसीआई कार्ड भारतीय नागरिकता नहीं देता। विदेशी नागरिकों को भारत में रहने की सुविधा मिलने का अर्थ यह नहीं कि उन्हें भारतीय नागरिकों के समान सभी अधिकार प्राप्त हैं। पीठ ने भारत की उदारता का उल्लेख करते हुए कहा कि संबंधित व्यक्ति को तत्काल देश से निकालने के बजाय पहले नोटिस दिया गया। अदालत ने केंद्र सरकार को भी 'वसुधैव कुटुंबकम' के सिद्धांत की याद दिलाई और नोटिस का जवाब देने के लिए इमरान को समय देने का निर्देश दिया। इस बीच, विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) ने उनका ओसीआई कार्ड रद्द करने के संबंध में भी कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस मामले पर भी 7 दिसंबर को सुनवाई होगी।

उज्ज्वला लाभार्थियों को दिवाली पर मुफ्त सिलेंडर का उपहार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दीपावली का उपहार देंगे। लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री 1,500 करोड़ रुपये की सब्सिडी राशि लाभार्थियों के आधार प्रमाणित बैंक खातों में सीधे हस्तांतरित करेंगे। इससे प्रदेश के 1.89 करोड़ से अधिक पात्र परिवार लाभान्वित होंगे।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री प्रतीकात्मक रूप से लाभार्थियों को चेक प्रदान करेंगे और प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगे। सरकार की इस पहल से उज्ज्वला योजना के पात्र परिवारों को त्योहार के अवसर पर आर्थिक राहत मिलेगी।

सरयू तट पर 2,147 अर्चक करेंगे महाआरती

30 लाख दीपों से जगमगाएगी रामनगरी, 2,100 ड्रोन दिखाएंगे रामायण के प्रसंग

■ अयोध्या

दीपोत्सव-2026 के दसवें संस्करण में सात नवंबर को सरयू तट पर 2,147 अर्चक सामूहिक महाआरती करेंगे। शाम 5:20 से 5:50 बजे तक प्रस्तावित आरती लक्ष्मण किला घाट से नया घाट और राम की पैड़ी तक होगी। आयोजन के लिए सरयू नदी के 56 घाटों को सजाया जा रहा है। इस बार करीब 30 लाख दीपों से रामनगरी को रोशन करने की तैयारी है।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि वर्ष 2017 में 1.71 लाख दीपों से शुरू हुआ दीपोत्सव अब दसवें संस्करण में पहुंच गया है। पिछले वर्ष 26 लाख से अधिक दीप प्रज्ज्वलित किए गए थे। वर्ष 2025 में 2,128 अर्चकों और वेदाचार्यों ने सामूहिक सरयू महाआरती कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। इस वर्ष 2,147 अर्चक आरती करेंगे।पांच से सात नवंबर तक चलने वाले समारोह में अंतरराष्ट्रीय रामलीला और 2,100 ड्रोन के माध्यम से रामायण के प्रसंगों का हवाई प्रदर्शन भी होगा। अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात ने कहा कि दीपोत्सव अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक आस्था और जनभागीदारी का प्रतीक बन चुका है। इसका उद्देश्य भारतीय संस्कृति को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाना है।



दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित उत्पादों की दो दिवसीय प्रदर्शनी एवं दीपावली मेला-2026 का हुआ भव्य शुभारंभ



गोण्डा। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग गोण्डा एवं बाबा बद्रीदास जन कल्याण सेवा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में प्रकाश मैरिज हाल, पंतनगर गोण्डा में जनपद के दिव्यांगजनों द्वारा स्वयं निर्मित विभिन्न उत्पादों एवं सामग्रियों की दो दिवसीय प्रदर्शनी एवं दीपावली मेला-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन द्वारा किया गया।

प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर जिलाधिकारी ने दिव्यांगजनों द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने मिट्टी के दीये, फूलबत्ती, अचार, एलईडी बल्ब, अगरबत्ती, मोमबत्ती, दोना, पत्तल तथा विभिन्न प्रकार के मसालों सहित अन्य हस्तनिर्मित उत्पादों को देखा और उनके निर्माण एवं बिक्री के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने दिव्यांगजनों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वयं भी कई स्टालों से उनके द्वारा निर्मित उत्पादों की खरीदारी की।

उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों द्वारा अपने हुनर और मेहनत से तैयार किए गए उत्पाद उनकी प्रतिभा, आत्मनिर्भरता एवं स्वावलंबन की भावना को प्रदर्शित करते हैं।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी एवं मेले के आयोजन से दिव्यांगजनों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री के लिए बेहतर मंच मिलता है। इससे उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनने के साथ-साथ समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का अवसर भी प्राप्त होता है। आमजन को भी ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित वस्तुओं की खरीदारी करनी चाहिए, जिससे उनके रोजगार एवं स्वरोजगार को प्रोत्साहन मिल सके।

लालापुर गांव में कार्यकर्ता मिलन समारोह में भारी संख्या मे पहुँचे समर्थक

इंडिपेंडेंट भारत लालापुर/प्रयागराज राहुल द्विवेदी



लालापुर प्रयागराज। बारा तरहार की धरती में दो बार रह चुके पूर्व विधायक एवं ब्राह्मणों व गरीबों के सरताज इं. उदयभान करवरिया ने मंगलवार को लालापुर स्थित गेस्ट हाउस में समर्थकों एवं कार्यकताओं के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने आगामी 12 नवंबर को 11 बजे रामपुर करछना की धरती पर स्थित मिजार्पुर रोड़ सेंटजॉन एकेडमी के सामने आयोजित होने वाली अराजनैतिक सभा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। पूर्व विधायक उदयभान करवरिया ने कहा कि यह सभा किसी के विरोध या समर्थन में नहीं किया गया है। बल्कि अपनी वास्तविक ताकत, समर्थकों की संख्या और जनसमर्थन को समझने का अवसर है। उन्होंने कहा कि मैं जितनी मुखरता से अपनी बात रखता हूं और जिन लोगों के लिए आवाज उठाता हूं, यह जानना भी जरूरी है कि उनके साथ कितनी जनता और समर्थकों का आशीर्वाद है। बीच-बीच में स्वयं के गिरेबान में झांकना और आत्ममंथन करना आवश्यक है। 12 नवंबर का कार्यक्रम इसी उद्देश्य से रखा गया है, जहां अपनों से आमने-सामने संवाद भी होगा। क्षेत्रीय प्रधान एवं उनके समर्थकों ने बड़ी माला पहनाकर पूर्व विधायक एवं ब्राह्मणों के सरताज उदयभान करवरिया का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के इस अवसर पर जसरा ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह उर्फ पप्पू सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती, भाजपा मंडल अध्यक्ष वन्दना सिंह , पूर्व अध्यक्ष श्यामाकांत मिश्रा, प्रधान शंकर लाल पाण्डेय, मण्डल उपाध्यक्ष चेतन द्विवेदी, प्रधान उमाशंकर मिश्र, प्रधान अनुराग मिश्र, प्रधान देवेन्द्र कुमार उपाध्याय, पूर्व प्रधान गुड्डा मिश्रा, मनोज सिंह, शम्भू खरे, पूर्व मण्डल अध्यक्ष गोविन्द देव पाण्डेय, रविशंकर द्विवेदी, आलोक द्विवेदी, प्रेम शंकर तिवारी, विजय कुमार पाण्डेय,अरविन्द पाण्डेय सहित तमाम समर्थक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

करनैलगंज नवीन मंडी में भ्रष्टाचार का बोलबाला, नियम ताक पर, राजस्व को चूना

गोंडा। करनैलगंज नवीन मंडी स्थल में इन दिनों भ्रष्टाचार चरम पर है। योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश के दावे की यहां खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। मंडी में नियमों को ताक पर रखकर मनमानी तरीके से वसूली का खेल चल रहा है।

बिना तौल के इंट्री से राजस्व को चूनाः

मंडी में आने वाली माल भरी गाड़ियों को बिना कांटा तौल के ही अंदर प्रवेश दिया जा रहा है। इससे मंडी शुल्क की चोरी कर सरकार को लाखों के राजस्व का चूना लगाया जा रहा है।

गेट से अंदर तक गंदगी का साम्राज्यः

मंडी परिसर के मुख्य गेट से लेकर अंदर तक चारों तरफ कूड़े-कचरे और गंदगी का अंबार लगा है। सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है, जिससे किसानों और व्यापारियों को भारी परेशानी हो रही है। अवैध दुकानों का कब्जाः मंडी परिसर के अंदर अवैध रूप से दुकानें लगाकर मनमाना किराया वसूला जा रहा है। वैध व्यापारियों में इसे लेकर भारी आक्रोश है।

तेज रफ्तार डंपर का कहरः बाइक सवार मां-बेटा गंभीर, महिला मेडिकल कॉलेज रेफर

करनैलगंज,गोंडा। कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के बाबागंज चौराहे पर मंगलवार को एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार मां-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। महिला की हालत नाजुक होने पर उसे मेडिकल कॉलेज गोंडा रेफर किया गया है। घायलों की पहचान जानकी देवी (45) पत्नी श्रीराम और विवेक (20) पुत्र श्रीराम के रूप में हुई है। दोनों पांडेय पुरवा पैरोरी, थाना कोतवाली करनैलगंज के रहने वाले बताये जाते हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मंगलवार दोपहर दोनों बाइक से किसी काम से जा रहे थे। बाबागंज चौराहे के पास पहुंचते ही पीछे से तेज गति से आ रहे डंपर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर दूर जा गिरे और घायल हो गए।

हादसे के बाद आरोपी डंपर चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। दोनों घायलों को आनन-फानन में सीएचसी करनैलगंज ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जानकी देवी की हालत गंभीर और नाजुक देखते हुए उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज गोंडा के लिए रेफर कर दिया। वहीं बेटे विवेक का इलाज सीएचसी करनैलगंज में ही चल रहा है। घटना की सूचना पर कोतवाली करनैलगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने फरार डंपर के बारे में जानकारी जुटाकर उसकी तलाश शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने चौराहे पर आए दिन तेज रफ्तार वाहनों से होने वाले हादसों पर अंकुश लगाने और स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है।

सरयू घाट करनैलगंज पर 4 नवंबर की शाम मनाया जाएगा गंगा उत्सव 2026, महा आरती और भजन संध्या की तैयारी

करनैलगंज, गोंडा। पतित पावनी मां गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित किए जाने की वर्षगांठ के अवसर पर जिला गंगा समिति गोंडा द्वारा गंगा उत्सव 2026 का भव्य आयोजन बुधवार 4 नवंबर को किया जा रहा है। यह जानकारी युवा समाजसेवी हर्षित सिंह ने देते हुए बताया कि यह आयोजन आज 4 नवंबर 2026 को सायं 5:30 बजे सरयू घाट, करनैलगंज, गोंडा पर होगा। कार्यक्रम में गंगा आरती, दीपदान, गंगा कथा और भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिला गंगा समिति गोंडा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य संदेश है -"आस्था और एकात्मकता का सार, आइये मनाएं नदियों का त्यौहार!" आयोजक मंडल ने अधिक से अधिक लोगों से सरयू घाट पहुंचकर इस पावन उत्सव में शामिल होने की अपील की है।

कटरा बाजार में 2027 के चुनाव को लेकर सपा ने तेज की तैयारी, बैजनाथ दुबे के समर्थन में जुटे कार्यकर्ता

कटराबाजार गोंडा। विधानसभा क्षेत्र कटरा बाजार में आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर समाजवादी पार्टी ने अपनी राजनीतिक गतिविधियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जोन दुबहा बाजार के सेक्टर कटुवानाला एवं नरायनपुर कला के बूथों की संयुक्त बूथ कमेटी बैठक जनता विद्यालय रायपुर में आयोजित की गई। बैठक में पूर्व विधायक बैजनाथ दुबे के नेतृत्व में कार्यकताओं ने आगामी चुनाव की रणनीति पर चर्चा की और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बैजनाथ दुबे रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सपा विधानसभा अध्यक्ष वकार खां, सपा नेता विनोद शुक्ला तथा अधिवक्ता सभा के जिला उपाध्यक्ष अरविंद शुक्ला एडवोकेट मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं आयोजन पूर्व प्रधान रामप्रकाश पाण्डेय ने किया। संचालन विधानसभा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद गोस्वामी ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक बैजनाथ दुबे ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में तानाशाही का माहौल है, गरीबों की समस्याएं नहीं सुनी जा रही हैं और लोगों पर फर्जी मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। उन्होंने महंगाई और टैक्स वसूली का मुद्दा उठाते हुए कहा कि वर्तमान सरकार में किसान, मजदूर और छोटे व्यापारी परेशान हैं। उन्होंने अपने विधायक कार्यकाल का जिक्र करते हुए क्षेत्र में पुल, सड़क और विद्यालयों की स्थापना सहित कराए गए विकास कार्यों को भी गिनाया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी उनके लिए मां के समान है और कार्यकर्ता तथा क्षेत्र की जनता उनके परिवार की तरह हैं। अखिलेश यादव समानता की विचारधारा के साथ सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाले नेता हैं। सपा विधानसभा अध्यक्ष वकार खां ने कहा कि चुनाव हारने के बाद भी बैजनाथ दुबे लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहे और जनता के सुख-दुख में शामिल होते रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि 2027 में बैजनाथ दुबे कटरा बाजार से विधायक बनकर क्षेत्र के विकास को नई दिशा देंगे।

सेहुंडा में शरद चांदनी में निखरा दशहरा मेला, विद्युत झालरों से सजी चौकियों पर उमड़े श्रद्धालु - मध्यरात्रि तक गूंजते रहे भजन-कीर्तन

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम



सेहुंडा,जसरा (प्रयागराज)। यमुनानगर के बारा विकासखंड अंतर्गत जसरा क्षेत्र के सेहुंडा में शरद ऋतु की धवल चांदनी के बीच मनाया गया ऐतिहासिक दशहरा मेला इस बार लोक संस्कृति, आस्था और उल्लास के संगम का प्रतीक बन गया। विजयदशमी की संध्या पर जब चांद अपनी पूरी आभा पर था, तब मेला प्रांगण किसी इंद्रलोक के वैभव से कम नहीं लग रहा था। असत्य पर सत्य की विजय का यह पर्व यहां केवल मनाया नहीं गया, बल्कि लोक-कला के कैनवास पर सतरंगी रंगों से उकेरा गया।मेले की आत्मा बनीं जगमग चौकियां। सांझ ढलते ही विद्युत झालरों की रोशनी से दुल्हन सी सजी, पुष्प-मालाओं से महकती ये चौकियां पौराणिक कथाओं को जीवंत कर रही थीं। कहीं महिषासुर मर्दिनी का तेजोमय स्वरूप दैदीप्यमान था, तो कहीं मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के दरबार में भक्ति की यमुना बह रही थी। ढोलक की थाप पर लोक कलाकारों ने जब देवी गीत और लोकगीत छेड़े तो श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। वृद्धों की आंखों में श्रद्धा के आंसू थे तो युवाओं के हृदय में संस्कृति का गौरव।चौकियों के परे मेले का बाजार भी किसी काव्य से कम नहीं था। चूड़ियों की खनखनाहट, इत्र की सुगंध, जलेबी की मिठास और चाट के चटपटे स्वाद के बीच बचपन झूलों पर अठखेलियां कर रहा था। चांदनी रात में बच्चों के चेहरों पर दमकती खुशी देखते ही बनती थी। परिवारों की भारी भीड़ ने देर रात तक खरीदारी की।रात्रि का दूसरा पहर आरंभ हो चुका था, किंतु मेले की कांति में रंचमात्र भी कमी नहीं आई थी। आधी रात तक बाजारों में चहल-पहल, चौकियों पर भजन-कीर्तन और जनमानस में उल्लास का ज्वार यथावत बना रहा। सेहुंडा का यह दशहरा मेला इस बार केवल आयोजन नहीं, बल्कि लोक-आस्था और कला का महाकाव्य बन गया।

मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने में थाना बारा पुलिस की क्षेत्रीय लोगों में भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए थाना प्रभारी बारा और समस्त पुलिस की को बधाई दी।

रानी विश्वकर्मा हत्याकांड का का खुलासा, स्कूल प्रबंधक गिरफ्तार



रुद्रपुर देवरिया। रुद्रपुर थाना क्षेत्र में सड़क किनारे जंगल की झाड़ियों में मिले महिला के शव के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। रुद्रपुर पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने हत्याकांड में शामिल आरोपी विजय निषाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आपसी विवाद के बाद आरोपी ने महिला की गला घोंटकर हत्या की थी और शव को कार की डिग्गी में रखकर पूरे दिन घूमता रहा। बाद में शव को सुनसान स्थान पर झाड़ियों में फेंक दिया था। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने बताया कि 31 अक्टूबर 2026 की रात करीब 8:30 बजे रुद्रपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के पास सड़क किनारे जंगल की झाड़ियों में महिला का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव की पहचान कराने का प्रयास शुरू किया। अगले दिन मृतका की पहचान रानी विश्वकर्मा (26) पुत्री सुभाष चंद्र विश्वकर्मा, निवासी थाना झंगहा, जनपद गोरखपुर के रूप में हुई। इस मामले में परिजनों की तहरीर पर मुकदमा अपराध संख्या 519/26 के तहत बीएनएस की धारा 103(1) और 238 में मुकदमा दर्ज किया गया था।

शंकरगढ़ में शिक्षा के साथ संस्कार का संदेश, छोटे प्रयासों से ही बनती है बड़ी सफलता - प्रबंधक प्रकाश चंद्र मिश्र ने छात्रों को दिया सफलता का मंत्र



इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम

शंकरगढ़, प्रयागराज। जीवन में बड़ी सफलता के लिए हमेशा बड़े कदमों की जरूरत नहीं होती, बल्कि समय पर उठाया गया एक छोटा-सा कदम भी भविष्य की बड़ी उपलब्धि की नींव बन जाता है। यह प्रेरणादायक संदेश शंकरगढ़ नगर पंचायत के सिंधी टोला स्थित न्यू चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल के संचालक प्रकाश चंद्र मिश्र ने अपने उद्बोधन में दिया।उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत, दृढ़ संकल्प, अनुशासन और सकारात्मक सोच से ही व्यक्ति अपने सपनों को हकीकत में बदल सकता है। जिस प्रकार एक छोटा-सा बीज समय के साथ विशाल वृक्ष बन जाता है, उसी प्रकार आज की गई छोटी-छोटी मेहनत भविष्य में सफलता की मजबूत नींव तैयार करती है। इसलिए किसी भी अच्छे प्रयास को छोटा समझकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।समय के महत्व पर जोर देते हुए प्रकाश चंद्र मिश्र ने कहा कि अवसरों की प्रतीक्षा में हाथ पर हाथ रखकर बैठना उचित नहीं है। कई लोग अनुकूल परिस्थितियों और पर्याप्त संसाधन मिलने का इंतजार करते हैं और इस चक्कर में महत्वपूर्ण अवसर हाथ से निकल जाते हैं। समझदारी इसी में है कि उपलब्ध संसाधनों का सही उपयोग करते हुए समय पर शुरूआत की जाए।उन्होंने कहा कि विद्यार्थी का नियमित अध्ययन, कर्मचारी की ईमानदारी, किसान की समय पर बुवाई और व्यक्ति का अपने कौशल को बेहतर बनाना - ऐसे छोटे प्रयास ही आगे चलकर बड़े परिणाम देते हैं। सफलता भले ही अचानक दिखती है, लेकिन उसके पीछे लंबे समय का परिश्रम और धैर्य होता है।असफलता पर उन्होंने कहा कि असफलता योग्यता का अंत नहीं, बल्कि कमियों को पहचानने और सुधारने का अवसर है। जो व्यक्ति गिरकर दोबारा उठने का साहस रखता है, वही मंजिल पाता है। अनुशासन, समय प्रबंधन और अच्छी आदतें ही उज्ज्वल भविष्य का आधार हैं।

लोहगरा में भागवत कथा के पांचवें दिन कृष्णमय हुआ माहौल, गोवर्धन पूजा पर झूमे श्रद्धालु



इंडिपेंडेंट भारत संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम

लोहगरा, बारा/ प्रयागराज। ग्राम सभा लोहगरा में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के पांचवें दिन भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सोमवार को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला और गोवर्धन पूजा के प्रसंग पर पूरा पंडाल जय श्रीकृष्ण और राधे-राधे के जयघोष से गूंज उठा। बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। यह भागवत कथा हमारी बहन दुर्गावती पाण्डेय पत्नी स्व. श्यामराज पाण्डेय को भागवत ज्ञान श्रवण का सौभाग्य प्राप्त होने के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही है। इसके आयोजक राधेश्याम शुक्ल एवं समस्त शुक्ल परिवार हैं। कथा का रसपान श्रीधाम वृंदावन के प्रसिद्ध भागवत प्रवक्ता एवं हस्तलिखित जन्मकुंडली विशेषज्ञ अरविंद कुमार शास्त्री जी महाराज करा रहे हैं। पंचम दिवस पर शास्त्री जी ने भगवान की मनमोहक बाल लीलाओं का सजीव वर्णन किया। माखन चोरी, यशोदा मैया के वात्सल्य प्रेम, कालिया नाग दमन और इंद्र के अहंकार को चूर करने के लिए गोवर्धन पर्वत धारण करने की लीला सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। गोवर्धन पूजा के अवसर पर पंडाल में गोवर्धन महाराज की सुंदर झांकी सजाई गई, जिसकी श्रद्धालुओं ने परिक्रमा कर गौ-धन की पूजा की। कथा वाचक ने कहा कि कृष्ण की लीलाएं बताती हैं कि भगवान अपने भक्तों के लिए कुछ भी कर सकते हैं और गोवर्धन पूजा हमें प्रकृति व गौ-संरक्षण का संदेश देती है।कथा का शुभारंभ 29 अक्टूबर को कलश यात्रा से हुआ था। 4 नवंबर तक महारास, रुक्मिणी विवाह, सुदामा चरित्र की कथा होगी तथा 5 नवंबर को हवन, गोतर्पण एवं महाप्रसाद के साथ समापन होगा।

नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय में धूमधाम से मना राष्ट्रीय एकता दिवस, एनसीसी कैडेट्स ने निकाली एकता रैली



इंडिपेंडेंट भारत/ प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम

प्रयागराज। एनसीसी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज के तत्वावधान में 15 यूपी बटालियन एनसीसी के अंतर्गत नेहरू ग्राम भारती (मानित विश्वविद्यालय), जमुनीपुर परिसर में लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस हर्षोल्लास एवं राष्ट्रभक्ति के साथ मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन के साथ हुआ। वक्ताओं ने राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने में सरदार पटेल के अतुलनीय योगदान, दूरदर्शी नेतृत्व और दृढ़ इच्छाशक्ति को स्मरण किया।इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में सैकड़ों एनसीसी कैडेट्स ने उत्साह एवं अनुशासन के साथ एकता जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान राष्ट्र की एकता, अखंडता, सामाजिक समरसता एवं भाईचारे के नारों से परिसर गूंज उठा। कैडेट्स एवं प्राध्यापकों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय एकता की शपथ ग्रहण कर देश की एकता, अखंडता और आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को जाति, धर्म, भाषा एवं क्षेत्रीय भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय चेतना, सामाजिक सद्भाव, अनुशासन एवं राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करना रहा।इस अवसर पर एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. कृपा शंकर यादव, डॉ. आलोक मिश्र, डॉ. श्रवण मिश्र, डॉ. साधना त्रिपाठी, डॉ. उत्तम कुमार पाठक एवं एनसीसी ट्रेनर मयंक कुमार सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापकगण एवं एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

कौंधियारा के बेलसर में 1931 से जीवंत है रामलीला की परंपरा, चौथी पीढ़ी कर रही पूर्वजों के संकल्प को पूरा

इंडिपेंडेंट भारत कौंधियारा/प्रयागराज आशीष तिवारी



कौंधियारा, प्रयागराज। क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत और आस्था का प्रतीक श्री जगदंबा रामलीला कमेटी बेलसर द्वारा आयोजित ऐतिहासिक रामलीला का मंचन इस वर्ष भी बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। 1931 से लगातार चली आ रही यह परंपरा 94 वर्षों बाद भी उसी भव्यता के साथ जारी है, जो ग्रामीणों की अटूट आस्था का केंद्र बनी हुई है। इस वर्ष की कड़ी में कमेटी के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में रामलीला का आयोजन हुआ। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में युवा समाजसेवी अर्पित जयसवाल पहुंचे। उन्होंने मंच पर विराजमान भगवान राम-लक्ष्मण के स्वरूपों की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया और उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया।अपने संबोधन में अर्पित जयसवाल ने कहा कि रामलीला केवल एक नाटक नहीं, बल्कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन आदर्शों, मयार्दा और त्याग को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। बेलसर की यह ऐतिहासिक रामलीला पूरे प्रयागराज में अपनी अलग पहचान रखती है। इसे बचाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।इस दौरान रामलीला कमेटी के वरिष्ठ सदस्य उदय नारायण सिंह द्विवेदी, शिव विनोद पांडे, कमला शंकर पांडे, विनोद पांडे, रोहित कुमार, महेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग और ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे शिव शंकर पांडे ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत और अभिनंदन किया। कमेटी अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने बताया कि उनके पूर्वजों द्वारा 1931 में शुरू की गई यह परंपरा आज चौथी पीढ़ी तक पहुंच गई है। हर वर्ष कार्तिक मास में इसका आयोजन किया जाता है और आसपास के कई गांवों के लोग इसे देखने आते हैं। कमेटी ने इस विरासत को आगे भी और भव्य रूप में जारी रखने का संकल्प लिया है।

जनगणना-2027 के दूसरे चरण को लेकर जिलाधिकारी ने ली विभागाध्यक्षों की बैठक

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम

प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना को लेकर विभागाध्यक्षों के साथ बैठक आयोजित की गई।बैठक में बताया गया कि जनगणना के द्वितीय चरण के अंतर्गत 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक स्व-गणना और 01 दिसंबर 2026 से 04 जनवरी 2027 तक ऐप के माध्यम से घर-घर जाकर प्रत्येक परिवार के प्रत्येक सदस्य की गणना प्रगणक द्वारा की जाएगी। प्रगणक द्वारा प्रत्येक सदस्य से 40 प्रश्नों की अनुसूची भरवाई जाएगी।जिलाधिकारी ने स्व-गणना की प्रक्रिया, स्व-गणना पोर्टल के उपयोग एवं इसकी महत्ता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनगणना अवधि के दौरान प्रत्येक व्यक्ति की गणना उस स्थान पर की जाएगी, जहां वह निर्धारित अवधि में उपस्थित रहेगा। जनगणना के दौरान किसी भी उत्तरदाता से कोई दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा। उत्तरदाताओं द्वारा दी गई जानकारी जनगणना अधिनियम 1948 के प्रावधानों के अंतर्गत गोपनीय रखी जाती है और किसी के साथ साझा नहीं की जाती।जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे अपने विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्व-गणना के लिए प्रेरित करें और उन्हें पोर्टल के माध्यम से स्वयं गणना करने की प्रक्रिया से अवगत कराएं।

संक्षिप्त समाचार

हथियारबंद बदमाशों ने पांच ट्रकों की बैटरियां उड़ाईं



सरोजनीनगर। बंथरा थाना क्षेत्र के पहाड़पुर स्थित पीएस इंटरप्राइजेज में एक नवंबर की रात करीब एक बजे पांच हथियारबंद अज्ञात बदमाशों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। संस्थान की ओर से थाने में दी गई तहरीर के मुताबिक बदमाश पांच ट्रकों में लगी 10 नई बैटरियां, 12 से 14 पुरानी बैटरियां और करीब 104 किलो तांबा चोरी कर ले गए। जाते समय संस्थान में लगे सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी उठा ले गए। संस्थान प्रबंधन ने दो नवंबर को पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर एफआईआर दर्ज करने, आरोपियों की गिरफ्तारी और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है।

साइकिल सवार को कार ने मारी टक्कर, मौत

सरोजनीनगर। किसान पथ पर नटकुर आउटर के पास चार पहिया वाहन की टक्कर से घायल साइकिल सवार मासूक अली (48) की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के बेटे रिजवान निवासी जमालपुर, गोसाईंगंज के मुताबिक, 28 अक्टूबर की शाम करीब चार बजे उनके पिता साइकिल पर गैस सिलेंडर लादकर ग्राम लोनहा से घर जा रहे थे। तभी पीछे से आए कार चालक संजय गुप्ता ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 30 अक्टूबर की सुबह करीब चार बजे उनकी मौत हो गई। बेटे की तहरीर पर बिजनौर पुलिस ने चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

ट्रांसपोर्टनगर में डीसीएम चालक से मारपीट

सरोजनीनगर। ट्रांसपोर्टनगर पार्किंग नंबर एक के पास कार से डीसीएम की टक्कर के बाद कार सवार चार लोगों पर चालक से मारपीट और गाली-गलौज करने का आरोप लगा है। रायबरेली के ऊंचाहार निवासी विजय बहादुर के मुताबिक, 27 अक्टूबर की रात करीब दो बजे उनकी डीसीएम कार से छू गई थी। इसके बाद कार सवार श्याम कुमार, शमशूल, राकेश राठौर और विजय कुमार पांडेय ने उनके साथ मारपीट कर गाड़ी के कागजात छीन लिए। आरोप है कि जाते समय आरोपियों ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

सैनिक इंटर कॉलेज की नई बिल्डिंग में तोड़फोड़

सरोजनीनगर। पीएमश्री राजकीय सैनिक इंटर कॉलेज की नई बिल्डिंग में अराजकतत्वों द्वारा तोड़फोड़ किए जाने का मामला सामने आया है। कॉलेज के प्रधानाचार्य अभिषेक राजभर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पिछले साल बनी बिल्डिंग के पीछे के कमरों की खिड़कियां तोड़कर अज्ञात लोग अंदर घुस गए। आरोप है कि कमरों के इलेक्ट्रिक बोर्ड, स्विच, ट्यूबलाइट, बाथरूम की सीटें, मल्टीपरपज हॉल के शीशे, दरवाजे और पंखे क्षतिग्रस्त कर दिए गए। प्रधानाचार्य ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की है। सरोजनीनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन



लखनऊ। बीसी सखियों ने मानदेय बढ़ाकर 20 हजार रुपये प्रतिमाह करने और 75 हजार रुपये के सपोर्ट फंड को ब्याज सहित वापस लेने की मांग के विरोध में विधानसभा कूच किया। पुलिस द्वारा रोके जाने पर महिलाओं ने सड़क पर बैठकर जाम लगाया और नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना है कि वर्ष 2018 से कार्यरत बीसी सखियों को शुरुआत में 4 हजार रुपये प्रतिमाह मिलते थे, लेकिन अब आय बेहद कम हो गई है। उन्होंने सरकार पर सम्मानजनक मानदेय और अधिकार न देने का आरोप लगाते हुए मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।

विभागों में तैनात डॉक्टरों एवं कर्मचारियों की भूमिका पर सवाल

केजीएमयू : कन्वर्जन में एसटीएफ की रिपोर्ट पर कार्रवाई की तैयारी

■ लखनऊ

केजीएमयू में कन्वर्जन और लव जिहाद से जुड़े मामले में अब नामजद डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी तय हो चुकी है। इस पर छह नवंबर को होने वाली आपात कार्यपरिषद की बैठक में मुहर लगेगी। वहीं, डॉक्टरों पर लगे इन आरोपों को लेकर जांच कमेटी गठित करने का भी प्रस्ताव रखा जा सकता है। इसके बाद आरोपी डॉक्टरों के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई की जा सकती है।

केजीएमयू में कन्वर्जन एवं लव जिहाद को लेकर एसटीएफ ने अपने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। एसटीएफ ने एसजीपीजीआई के हेमेटोलॉजी विभाग के प्रोफेसर का भी जिक्र किया है। लिहाजा एसटीएफ की टीम अब एसजीपीजीआई के कुछ डॉक्टरों से बातचीत कर उनके बयान दर्ज करेगी। एसटीएफ ने जांच रिपोर्ट में कई डॉक्टरों के लखनऊ स्थित निजी मेडिकल संस्थान से संपर्क का खुलासा किया। टीम ने निजी विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों



■ कार्यपरिषद की बैठक में एसटीएफ रिपोर्ट पर होगी चर्चा

के जुड़े डॉक्टरों के संपर्क एवं गतिविधियों को लेकर जानकारी की है। फिलहाल एसटीएफ अब कुछ अन्य निजी विश्वविद्यालय के डॉक्टरों के बारे में छानबीन शुरू कर दी है।

दिल्ली ब्लास्ट के बाद डॉ.शाहीन ने छोड़ी थी जॉब: इंटीग्रल विश्वविद्यालय के फिजियोलॉजी विभाग में कार्यरत डॉ.नसीम खान को लेकर एसटीएफ ने सवाल उठाए है। यह पूर्व में केजीएमयू के डेंटल विभाग में कार्यरत थे। केजीएमयू में कट्टरपंथी जाकिर नाइक की विचारधारा का प्रसार मुस्लिम स्कॉलर के बीच

विशेष धर्म के मरीजों को मिली प्राथमिकता

एसटीएफ की रिपोर्ट में केजीएमयू की एडिशनल प्रोफेसर डॉ.सुमैया कय्यूम के पति और एसजीपीजीआई के हेमेटोलॉजी विभाग के प्रो. खलिकुर्रहमान की भूमिका को लेकर सवाल उठाए गए हैं। इस रिपोर्ट में रेडियोलॉजी विभाग के समेत कई अन्य विभागों के डॉक्टरों एवं कर्मचारियों की कार्यप्रणाली को लेकर खुलासा हुआ है। सूत्रों की मानें तो मजहब विशेष के मरीजों को लेकर संबंधित डॉक्टर खास प्राथमिकता देते थे। इस संबंध में एसटीएफ ने इन डॉक्टरों द्वारा जिन मरीजों के इलाज किए जा रहे हैं, उनका भी ब्यौरा मांगा गया है।

इन डॉक्टरों की भूमिका संदिग्ध

एसटीएफ ने कन्वर्जन एवं लव जिहाद में केजीएमयू के कई डॉक्टरों को संदिग्ध मानते हुए चिन्हित किया है। केजीएमयू के पैथोलॉजी विभाग में शिक्षारत रेजिडेंट डॉ. रमीज़ उद्दीन नायक, माइक्रोबायोलॉजी विभाग में कार्यरत शफात अली, गांधी वार्ड के नफीस, फुरकान, रेजिडेंट डॉ.आदिल, बायोकेमिस्ट्री विभाग, इमरजेंसी मेडिसिन समेत अन्य विभागों के कर्मचारी जांच में संदिग्ध मिले है।

किए जाने को लेकर एसटीएफ ने खुलासा किया है। वहीं, केजीएमयू में बतौर आई सर्जन तैनात डॉ. खालिदा नसीम ने कुछ वर्ष पूर्व इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में ज्वाइन किया था। इनका डॉ.नसीम खान से निकाह हुआ है। फिलहाल वर्तमान समय में डॉ.खालिदा ने इंटीग्रल यूनिवर्सिटी से नौकरी छोड़ दी है। दिल्ली ब्लास्ट 2025 के बाद डॉ.शाहीन आदि के खिलाफ हुई कार्रवाई के बाद इंटीग्रल यूनिवर्सिटी छोड़ने की बात कही जा रही है। एसटीएफ सूत्रों की मानें तो डॉ.जाकिर नाइक की विचारधारा के कारण केजीएमयू स्थित जिम के सेकंड फ्लोर में डॉ.नसीम के प्रभाव से मुस्लिम इबादत खाने के तौर पर वर्ष 2013 में परिवर्तित कर दिया गया जबकि केजीएमयू के अंदर पूर्व से मस्जिद विद्यमान थी। इस इबादतखाने में इटावा, मैनपुरी, करहल आदि जगहों के बाहरी मौलाना आकर तकरीर करते हैं।

676 राइफल ख़रीदने की तैयारी

जेलों की सुरक्षा को मिलेगी इंसास राइफल की ताकत

■ जेलों की सुरक्षा को और अधिक चाक-चौबंद करने के लिए 14 करोड़ से आएंगे हथियार और कारतूस

■ लखनऊ



पीसी मीना

जेलों की सुरक्षा को अधिक मजबूत बनाने और जेल वार्डर समेत कारागार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए 676 अत्याधुनिक इंसास राइफल खरीदने की योजना है। इसके साथ ही प्रशिक्षण और अन्य आवश्यक उपयोग के लिए 58,795 कारतूस भी खरीदे जाएंगे। इस पूरी खरीद प्रक्रिया पर कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं विभाग करीब 14 करोड़ रुपये खर्च करेगा। इसके लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। योगी सरकार की इस पहल का उद्देश्य कारागारों में तैनात सुरक्षा बलों को आधुनिक हथियारों से लैस करने के साथ उनकी कार्यक्षमता और प्रशिक्षण के स्तर को बेहतर बनाना है।

डीजी कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं पीसी मीना ने बताया कि 676 इंसास राइफल और बड़ी संख्या में कारतूस की खरीद की योजना तैयार की गई है। कारागार विभाग की ओर से खरीदी जाने वाली इंसास राइफल और कारतूस की खरीद उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स (यूपी एसटीएफ) के माध्यम से की जाएगी। इसके तहत 5.56 एमएम की एसएलआर इंसास राइफल खरीदी जाएंगी। विभाग ने इसके लिए आवश्यक प्रस्ताव शासन को भेज दिया है। प्रस्ताव के अनुसार, 676 राइफलों की खरीद पर करीब साढ़े 13 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे जबकि 58,795 कारतूस की खरीद के लिए 30 लाख रुपये खर्च किये जाएंगे।

इस प्रकार पूरी खरीद प्रक्रिया पर करीब 14 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसका उद्देश्य जेल वार्डर और अन्य सुरक्षा अधिकारियों को आधुनिक हथियारों के संचालन का प्रशिक्षण के साथ जेल की सुरक्षा को और अधिक मजबूत करना है।

जनगणना प्रशिक्षण से गैरहाजिरों पर दर्ज होगी एफआईआर

■ जोन-8 में सबसे ज्यादा 192 कर्मचारी अनुपस्थित

■ रिलीव न करने वाले विभागीय अधिकारियों पर भी होगी कार्रवाई

■ लखनऊ

जनगणना 2027 के प्रशिक्षण से गैरहाजिर कर्मचारियों पर नगर निगम ने सख्ती शुरू कर दी है। लगातार अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ नोटिस, निलंबन के साथ जनगणना अधिनियम की धारा 11 के तहत एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। जोन-8 में सबसे ज्यादा 192 कर्मचारी प्रशिक्षण से नदारद मिले, जबकि जोन-4 में 33 और जोन-2 में छह कर्मचारी अनुपस्थित रहे।

जोन-8 में 350 कर्मचारियों में 158 उपस्थित और 192 गैरहाजिर रहे। जोन-4 में 250 में से 217 और जोन-2 में 48 में से 42 कर्मचारी प्रशिक्षण में पहुंचे। ऐशबाग जोन-2 कार्यालय में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने स्पष्ट किया है कि कर्मचारियों को जनगणना ड्यूटी के लिए रिलीव नहीं करने वाले विभागीय अधिकारियों की भूमिका की भी जांच होगी। दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

500 विद्यार्थियों के सामने सेना ने खोले भर्ती के रास्ते

■ अग्निवीर से अफसर बनने तक का बताया पूरा सफर

■ छात्राओं को सैन्य अधिकारी बनने के लिए किया प्रेरित

■ लखनऊ



देश सेवा का जज्बा रखने वाले युवाओं के लिए भारतीय सेना में करियर के रास्ते क्या हैं और उनमें प्रवेश कैसे मिलता है, इसकी जानकारी सोमवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, एएमसी के 500 विद्यार्थियों को दी गई।

सेना के अधिकारियों ने अग्निवीर से लेकर सैन्य अधिकारी बनने तक की चयन प्रक्रिया समझाई और विद्यार्थियों को वर्दी पहनकर देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। मुख्यालय भर्ती क्षेत्र (यूपी एवं उत्तराखंड) के एडीजी मेजर जनरल मनीष कुमार के मार्गदर्शन में संचालन भर्ती कार्यालय, लखनऊ के निदेशक कर्नल कपिल सारस्वत ने किया। इस दौरान अग्निपथ योजना, एनडीए, सीडीएस, आईएमए, ओटीए और एनसीसी विशेष प्रवेश के जरिए सेना में भर्ती होने के अवसरों की जानकारी दी। साथ ही ऑनलाइन परीक्षा, एसएसबी साक्षात्कार, पात्रता और भर्ती वर्ष 2026-27 की अग्निवीर चयन प्रक्रिया के बारे में बताया।

इस दौरान छात्राओं को विशेष रूप से एनडीए के माध्यम से सेना में अधिकारी बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

अधिकारियों ने कहा कि सैन्य सेवा केवल नौकरी नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति समर्पण का अवसर है। विद्यार्थियों को तैयारी के लिए प्रेरित करने के साथ भर्ती संबंधी पोस्टर और पुस्तिकाएं भी वितरित की गईं।

सात दिवसीय स्काउट-गाइड शिविर संपन्न, 22 विद्यार्थियों को मिला प्रवेश प्रशिक्षण, अनुशासन, सेवा और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के गुर सिखाए

कृष्णानंद मिश्र मधुबनी पश्चिमी चंपारण

प्रखंड मधुबनी के तमकुहवा स्थित सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल एवं राजकीय उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय भारत स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण शिविर का मंगलवार को समापन हुआ। शिविर में कुल 22 स्काउट को प्रवेश प्रशिक्षण दिया गया।

स्काउट मास्टर सह सहायक जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) राजबली यादव के नेतृत्व में 27 अक्टूबर से 3 नवंबर 2026 तक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को अनुशासन, सेवा भावना, नेतृत्व



क्षमता, सामाजिक जिम्मेदारी और टीम भावना का प्रशिक्षण दिया गया। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने के लिए प्रेरित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी कुंदन कुमार शामिल हुए। उन्होंने कहा कि स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण बच्चों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। इससे विद्यार्थियों में अनुशासन, सहयोग, सेवा और नेतृत्व की भावना विकसित होती है। उन्होंने बच्चों से प्रशिक्षण में सीखी गई बातों को जीवन में अपनाने की अपील की। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण शिविर के सफल आयोजन पर विद्यालय परिवार ने प्रसन्नता जताई।

स्कूलों से ब्लॉक कार्यालय तक डीएम का छापा, पांच शिक्षक मिले अनुपस्थित मांगा जवाब

विनय कुमार गुप्ता

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने मंगलवार को विकासखंड तरकुलवा के प्राथमिक विद्यालयों और खंड विकास कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्राथमिक




विद्यालय पिपरहिया में तीन शिक्षामित्र और दो सहायक अध्यापक अनुपस्थित मिले। डीएम ने सभी अनुपस्थित कर्मियों से स्पष्टीकरण तलब करने और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए। डीएम ने कमधेनवा, रामपुर गढ़, पिपरहिया और मुंडेरा रामनाथ प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति, पठन-पाठन और साफ-सफाई की स्थिति देखी। उन्होंने शिक्षकों की कार्यप्रणाली में सुधार और क्षमता संवर्धन पर जोर देते हुए बच्चों को निपुण बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद सुबह 10 बजे खंड विकास कार्यालय तरकुलवा पहुंचे डीएम को निरीक्षण के दौरान अन्य अधिकारी अनुपस्थित मिले। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को अनुपस्थित अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई कर रिपोर्ट देने तथा नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं के लिए खुशखबरी, देवरिया में 397 पदों पर चयन की अनंतिम सूची जारी

विनय कुमार गुप्ता

देवरिया। जनपद की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों पर चयन का इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों के लिए अच्छी खबर है। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद जिले में 397 पदों की



अनंतिम चयन सूची जारी कर दी गई है। इसमें 138 आंगनबाड़ी कार्यकत्री और 259 सहायिकाओं का चयन किया गया है। इससे चयनित अभ्यर्थियों में खुशी की उम्मीद है और आंगनबाड़ी केंद्रों को भी नए कर्मियों की सौगात मिलने का रास्ता साफ हुआ है। मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित चयन समिति ने प्राप्त आवेदनों का परीक्षण शासनादेश के अनुसार करते हुए चयन प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद अनंतिम सूची विकास भवन और सभी बाल विकास परियोजना कार्यालयों में चस्पा करा दी गई है। अभ्यर्थी एवं आमजन किसी भी कार्यदिवस में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संबंधित कार्यालयों में पहुंचकर चयन सूची का अवलोकन कर सकते हैं।

भ्रष्टाचार किया तो लोकायुक्त के दरवाजे पहुंचेगी शिकायत, दोषियों पर कस सकता है शिकंजा

विनय कुमार गुप्ता।

देवरिया। भ्रष्टाचारी अब सावधान हो जाए' सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार, पद के दुरुपयोग और मनमानी के खिलाफ अब आमजन लोकायुक्त का दरवाजा खटखटा सकते हैं। सरकारी कामकाज में अनियमितता और कुप्रशासन से परेशान लोग निर्धारित प्रक्रिया के तहत लोकायुक्त एवं उप लोकायुक्त के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसी उद्देश्य से सतर्कता जागरूकता अभियान-2026 के तहत मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की उपस्थिति में जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोकायुक्त एवं उप लोकायुक्त कार्यालय के अधिकारियों ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति की जानकारी देते हुए शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया समझाई। जनसंपर्क अधिकारी एवं मुख्य प्रोटोकॉल अधिकारी अविनाश शर्मा तथा समीक्षा अधिकारी श्वेताक्ष मिश्र ने बताया कि सरकारी विभागों, निगमों, कंपनियों, सोसाइटियों और अधिसूचित परिषदों में भ्रष्टाचार, पद के दुरुपयोग एवं कुप्रशासन के मामलों में परिवाद प्रस्तुत किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि शिकायत निर्धारित प्रपत्र पर तीन प्रतियों में शपथपत्र और आवश्यक अभिलेखों के साथ देनी होगी। अभिकथन संबंधी परिवाद में 2,000 रुपये की प्रतिभूति राशि जमा करनी होती है। वहीं झूठी या फर्जी शिकायत पाए जाने पर 50 हजार रुपये तक हजार्ना और प्रतिभूति राशि जब्त करने का प्रावधान है। बैठक में आमजन से भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने और अनियमितताओं की शिकायत निर्धारित प्रक्रिया के तहत करने की अपील की गई। अधिकारियों ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी प्रशासन के लिए जनभागीदारी जरूरी है।

सांसद विजय दूबे ने किया रेलवे अंडरपास का उद्घाटन, जनता को जाम से मिलेगी निजात



पडरौना, कुशीनगर। त्यौहारों से पहले पडरौना नगरवासियों को बड़ी सौगात मिली है। दरअसल मंगलवार को कुशीनगर के सांसद विजय कुमार दूबे ने 68वें चैनज पर नवनिर्मित बहुप्रतीक्षित रेलवे अंडरपास का उद्घाटन किया। सांसद विजय दूबे ने इस दौरान नगरवासियों को इस सौगात के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस बहुप्रतीक्षित सौगात से लोगों को जाम से निजात मिलेगी। इसके साथ-साथ ये क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। जहाँ इससे आवागमन में सुगमता मिलेगी, वहीं दूसरी तरफ ट्रैफिक जाम से भी राहत मिलेगी। मालूम हो कि पडरौना सुभाष चौक से रेलवे ढाला की तरफ जाने वाली सड़क पर लंबा जाम लगता रहा है। लोगों को इससे निजात दिलाने के लिए इस परियोजना का उद्घाटन हुआ है। इस कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से पडरौना सदर विधायक मनीष जायसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष लल्लन मिश्रा, चिंटू शुक्ला, आदर्श धर दूबे, रीतिक सिंह गौतम, प्रमोद साहा, नवनीत तिवारी समेत तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दीपावली से पहले सड़कों पर उतरे पुलिस कप्तान, पैदल गश्त कर परखी सुरक्षा व्यवस्था



विनय कुमार गुप्ता

देवरिया। दीपावली पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। मंगलवार शाम पुलिस अधीक्षक देवरिया अभिजित आर. शंकर ने कोतवाली सदर पुलिस टीम के साथ शहर के प्रमुख बाजारों और सड़कों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पैदल गश्त के दौरान पुलिस अधीक्षक ने बाजार की प्रमुख सड़कों पर दुकानों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसके साथ ही रेलवे क्रॉसिंग पर वाहनों और पैदल यात्रियों की आवाजाही का भी जायजा लिया। उन्होंने त्योहार के दौरान भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर शशिभूषण राय सहित पुलिस टीम मौजूद रही। पुलिस की इस सक्रियता का उद्देश्य व्यापारियों और आमजन में सुरक्षा का विश्वास कायम करना तथा दीपावली के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकना है।

दीपावली पर उज्ज्वला लाभार्थियों को मिलेगी मुफ्त गैस सिलेंडर की सौगात, खाते में आएगी सब्सिडी

विनय कुमार गुप्ता।

देवरिया। भाजपा सरकार की उज्जवला योजना से लाभाथीर्यों की दीपावली इस बार जगमग होने वाली है। दीपावली के अवसर पर उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को निशुल्क गैस सिलेंडर वितरण की शुरूआत मंगलवार



को लखनऊ स्थित लोकभवन में मुख्यमंत्री द्वारा की गई। इस कार्यक्रम का जनपद स्तर पर भी आयोजन किया गया, जहां मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया तथा उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए।

योजना के तहत प्रदेश सरकार द्वारा सभी उज्ज्वला कनेक्शनधारकों के बैंक खातों में 647.45 रुपये की सब्सिडी भेजी जाएगी। इससे लाभार्थियों को दीपावली पर रसोई गैस की सुविधा मिलेगी।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश तिवारी, रुद्रपुर विधायक जयप्रकाश निषाद, बरहज विधायक दीपक मिश्रा, सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी राजेश सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी तथा उज्ज्वला योजना के जिला नोडल अधिकारी अभिषेक सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

विद्युत उपखंड सुकरौली का कार्यालय 33/11 केवी बिजली उपकेंद्र खोट्ठा में स्थानांतरित

शिवाकांत पाण्डेय

कुशीनगर। विद्युत उपभोक्ताओं की जानकारी के लिए विद्युत विभाग की ओर से महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। उपखंड अधिकारी, विद्युत वितरण उपखंड सुकरौली का कार्यालय 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र खोट्ठा में स्थानांतरित कर दिया गया है। सुकरौली उपखंड अधिकारी विवेक कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अब उपखंड अधिकारी विद्युत वितरण उपखंड सुकरौली से संबंधित सभी प्रशासनिक एवं विभागीय कार्य 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र खोट्ठा से संचालित किए जाएंगे। इस संबंध में विभाग ने समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया है, ताकि कार्यालय से संबंधित कार्यों के लिए उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो।

संक्षिप्त समाचार

मधुमक्खियों के हमले से तीन लोग घायल

ऊंचाहार, रायबरेली। रायबरेली के कल्याणी गांव में मधुमक्खियों के हमले से पिता-पुत्र समेत तीन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, पिंटू घर के बाहर नल पर स्नान कर रहे थे, तभी मधुमक्खियों ने उन पर हमला कर दिया। बेटे को बचाने पहुंचे पिता धनराज और मां शिवकली भी हमले की चपेट में आ गए। ग्रामीणों ने आग जलाकर धुआं किया और तीनों को बचाकर सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टरों ने उपचार के बाद हालत सामान्य होने पर उन्हें घर भेज दिया। सीएचसी अधीक्षक डॉ अतुल पांडेय ने बताया कि मधुमक्खी के काटने से पिता पुत्र आए थे। जिनका इलाज किया गया है। हालत सामान्य होने पर घर भेज दिया गया है।

अधिवक्ता की हत्या पर वकीलों में आक्रोश

ऊँचाहार, रायबरेली। अधिवक्ताओं पर लगातार हो रहे हमलों और हत्याओं के विरोध में सोमवार को वकीलों ने प्रदर्शन कर पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लेते हुए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की। वकीलों ने बताया कि जालौन के कालपी में बार एसोसिएशन अध्यक्ष गयादीन अहिरवार की अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी। वहीं, सलोन तहसील में अधिवक्ता नागमणि जोशी पर जानलेवा हमला हुआ था। इन घटनाओं को लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश है। अधिवक्ता रंजन मिश्रा ने कहा कि वकीलों की सुरक्षा के लिए सरकार को गंभीर कदम उठाने चाहिए और एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट जल्द लागू करना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके। इस मौके पर धर्मेश पाठक, गोपाल द्विवेदी,अरुण यादव, जयमल सिंह, मोहित श्रीवास्तव, राजेंद्र शुक्ला, राकेश त्रिपाठी समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

शराब पीने के दौरान विवाद में अधेड़ की संदिग्ध मौत

रायबरेली। बछरावां थाना क्षेत्र के उमरपुर गांव में रविवार रात शराब पीने के दौरान हुए विवाद में रामकिशोर (55) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह मकान मालिक शिवम के घर में बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान दोनों के बीच विवाद और मारपीट की आशंका जताई जा रही है। रामकिशोर के सिर पर चोट के निशान मिले हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मकान मालिक शिवम को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा।

प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक को ग्रामीणों ने पीटा

रायबरेली। रायबरेली के अमेठी निवासी बृजेंद्र कुमार प्रेमिका से मिलने उसके गांव पहुंचे थे। देर रात गांव में उनकी मौजूदगी देखकर ग्रामीणों ने उन्हें चोर समझ लिया और जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका इलाज कराया गया। थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि तहरीर मिलने पर मामले में कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

वास्तविक नुकसान झेलने वाले किसान सहायता से वंचित

धौरहरा (खीरी)। तूफान और बारिश से फसलें बर्बाद होने के बाद सरकारी सहायता वितरण पर सवाल उठ रहे हैं। किसानों का आरोप है कि सर्वे में बिना नुकसान वाले लोगों को मुआवजा दे दिया गया, जबकि प्रभावित किसान अब भी सहायता का इंतजार कर रहे हैं। आरोप है कि कुछ लाभार्थियों से 50 से 60 प्रतिशत तक कमीशन लेकर उनके खातों में राशि भेजी गई। किसानों ने निष्पक्ष जांच और पात्र किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की है। एसडीएम युगांतर त्रिपाठी ने शिकायत मिलने पर जांच कराने का आश्वासन दिया है।

मैलानी में थाने के पास से दिनदहाड़े बाइक चोरी

मैलानी (खीरी)। कस्बे में थाने से करीब 200 मीटर दूर ईदगाह वार्ड-12 में घर के बाहर खड़ी होंडा बाइक चोरी हो गई। पीलीभीत निवासी रामबीर की बाइक 2 नवंबर को दोपहर करीब एक बजे अज्ञात व्यक्ति लेकर फरार हो गया। एक महीने के भीतर कस्बे में बाइक चोरी की यह दूसरी घटना है। पीड़ित ने पुलिस से बाइक बरामद करने और चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

दो बाइकों की भिड़ंत में मजदूर की मौत, दूसरा गंभीर

उन्नाव। रसूलाबाद-सफीपुर मार्ग पर रविवार शाम दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों को मियागंज सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान लोचनखेड़ा निवासी अवधेश (45) की मौत हो गई, जबकि दूसरे घायल संजय को परिजन बेहतर इलाज के लिए लखनऊ ले गए। अवधेश मजदूरी करता था और रसूलाबाद बाजार से सब्जी खरीदकर घर लौट रहा था। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।

जमीन खाली कराने को लेकर खूनी संघर्ष, कई घायल

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के कुशालपुरवा मजरे फरीदपुर कटुर गांव में जमीन खाली कराने के विवाद में खूनी संघर्ष हो गया। लाठी-डंडों से लैस सात लोगों ने एक परिवार पर हमला कर कई लोगों को घायल कर दिया। पुलिस ने सात नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी राकेश पुत्र भैरव ने पुलिस को बताया कि एक नवंबर की रात करीब नौ बजे रामबिहारी, उसकी पत्नी गुड्डी, पुत्र कुलदीप व नीरज समेत सात लोग उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने जमीन खाली न करने पर जान से मारने की धमकी दी और विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। बचाने पहुंचे पुत्र सुशील, पत्नी रानी, बहू वीनू और संजय को भी पीटा। सिर पर लाठी लगने से सुशील और वीनू बेहोश हो गए। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश पांडेय ने बताया कि घायलों का मेडिकल कराया जा रहा है।

हाईमास्ट लाइट लगाते समय करंट से मजदूर झुलसा

नवाबगंज, उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के नवाबगंज कस्बे में हाईमास्ट लाइट लगाने के दौरान 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर एक मजदूर गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, ठेकेदार रात के अंधेरे में मजदूरों से पोल लगवाने का काम करा रहा था। इसी दौरान पोल हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया, जिससे मजदूर करंट की चपेट में आ गया। उसे सीएचसी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

1.30 लाख का 748 किलो सोयाबीन तेल सीज

- खाद्य सुरक्षा विभाग का अभियान, गुणवत्ता जांच के लिए लिया नमूना
- दीपावली पर मिलावटखोरी रोकने को अभियान तेज

■ रायबरेली



दीपावली के त्योहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरी के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। सोमवार को विभाग की टीम ने महराजगंज कस्बे के गांधी नगर वार्ड नंबर एक स्थित महाराजगंज ट्रेडर्स का निरीक्षण किया। इस दौरान फोर्टिफाइड रिफाइंड सोयाबीन तेल का एक नमूना गुणवत्ता जांच के लिए संग्रहित किया गया। वहीं, 748 किलोग्राम तेल, जिसकी बाजार कीमत 1,30,900 रुपये है, को सीज कर कारोबारी की सुरक्षित अभिरक्षा में सौंप दिया गया।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय मानिक चंद्र सिंह और मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंजनी कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों उदय राज मौर्य और सुमांशु सचान की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। अधिकारियों के अनुसार त्योहार के दौरान आमजन को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए अभियान जारी रहेगा। इस दौरान 10 खाद्य कारोबारियों को स्वच्छता संबंधी दिशा-निर्देश दिए गए, जबकि करीब 50 उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया। कारोबारियों को खाद्य सामग्री ढककर रखने, साफ पानी का इस्तेमाल करने, कर्मचारियों को एप्रन, दस्ताने और हेड कवर पहनने तथा परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए गए। बार-बार इस्तेमाल होने वाले खाद्य तेल, प्रतिबंधित रंगों और अजीनोमोटो के प्रयोग से बचने की हिदायत दी गई। मिठाई विक्रेताओं को ट्रे पर निर्माण तिथि और उपयोग की अंतिम तिथि अंकित करने को कहा गया। साथ ही स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को एफएसएसएआई पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित किया गया। उपभोक्ताओं को खाद्य सुरक्षा कनेक्ट सुविधा की जानकारी भी दी गई।

उपभोक्ताओं को किया जागरूक

रायबरेली। खाद्य सुरक्षा विभाग ने सोमवार को शहर के अस्पताल चौराहे और रिफॉर्म क्लब के आसपास मोबाइल जांच वैन के माध्यम से जागरूकता एवं जांच अभियान चलाया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी शेफाली रस्तोगी की मौजूदगी में मौके पर 13 खाद्य नमूनों की जांच की गई। जांच में कोई भी नमूना मानक के विपरीत नहीं पाया गया।

दीपावली आतिशबाजी बिक्री के लिए आज मिलेंगे फॉर्म

■ रायबरेली



दीपावली पर आतिशबाजी की बिक्री के लिए अस्थायी दुकानें लगाने को लेकर जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। डीएम ने निर्देश दिए कि दुकानें केवल टीन शेड से लगेंगी, जिनमें टेंट, कपड़े या विद्युत कनेक्शन का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। सुरक्षा के मद्देनजर दो दुकानों के बीच 3 मीटर की दूरी, हर दुकान पर 200 लीटर पानी, बालू की बाल्टी और अग्निशामक यंत्र रखना अनिवार्य होगा। बच्चों द्वारा दुकानें संचालित नहीं की जाएंगी।

?शहरी क्षेत्र में दुकानें जीआईसी द्वितीय मैदान, गोरा बाजार विद्युत विभाग मैदान, आईटीआई खुला मैदान और मुंशीगंज बाईपास के पास लगेंगी, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी तय स्थानों पर ही दुकानें लगेंगी। नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार ने बताया कि दुकानों के आवंटन के लिए 3 नवंबर को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक कलेक्ट्रेट के शस्त्र लिपिक पटल से फॉर्म मिलेंगे और दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक जमा होंगे। अधिक आवेदन होने पर 4 नवंबर को दोपहर 2 से 4 बजे तक लॉटरी से दुकानों का आवंटन किया जाएगा।

बैठक में एएसपी पवन गौतम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल,एसडीएम सदर गौतम सिंह समेत अन्य अधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे।

पूर्व चेयरमैन के तहखाने से 110 किलो अवैध पटाखे बरामद



■ रायबरेली

कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी के दौरान भण्डार किये गए अवैध पटाखे की खेप बरामद की है, मामले में पटाखा विक्रेता के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाई की जा रही है।

रविवार की रात एसआई मनीष जायसवाल के साथ पुलिस टीम ने कस्बा स्थित पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष के मकान के भीतर तहखाने में छापेमारी की, जहां पटाखे की खेप बरामद हुई, इस दौरान पुलिस ने अवैध तरीके से भंडारण किया 110 किलोग्राम पटाखा बरामद किया है,मामले में एसआई मनीष जायसवाल की तहरीर पर सम्बंधित के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

सीओ गिरजाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि बस स्टैंड निवासी विजय गुप्ता के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम के तहत केस दर्ज कर कार्यवाई की जा रही है।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार तीन की मौत

- पत्नी, दो साल के बेटे और बहन ने मौके पर तोड़ा दम
- गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती अरविंद

■ मितौली (खीरी)



लखीमपुर-मैंगलगंज मार्ग पर सोमवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की जान चली गई। मौरंग से लदे तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार महिला, उसके दो वर्षीय बेटे और एक युवती की मौत हो गई। बाइक चला रहा महिला का पति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

घटना मितौली थाना क्षेत्र में शिवाला तिराहे के पास सुबह करीब 10 बजे की है। नीमगांव थाना क्षेत्र के ओदराहिया गांव निवासी अरविंद (30) अपनी पत्नी मोहिनी (24), दो वर्षीय बेटे अभ्यांश और छोटी बहन खुशबू (20) के साथ बाइक से सीतापुर जिले के महोली थाना क्षेत्र स्थित मूड़ा गांव जा रहे थे। वहां उनकी दूसरी बहन रहती है। बताया जाता है कि सुबह करीब 9:30 बजे परिवार घर से निकला था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कस्ता की तरफ से आ रहे मौरंग लदे डंपर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और डंपर की चपेट में आ गए। हादसे में मोहिनी, अभ्यांश और खुशबू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। अरविंद के दोनों पैर टूट गए और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अरविंद को सीएचसी बेहजम पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटना में शामिल डंपर को भी कब्जे में ले लिया गया है।

अरविंद खेती और मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनके पास एक एकड़ से अधिक कृषि भूमि है। परिवार में पिता अर्जुन लाल, मां कुंती देवी और छोटा भाई हैं। हादसे में बहू, पोते और बेटी को खोने के बाद माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी दिलीप कुमार ने बताया कि दुर्घटना में शामिल डंपर को कब्जे में लेकर तीनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

गोमती को स्वच्छ रखने का संकल्प

- विधायक ने लोगों को दिलाई स्वच्छता की शपथ
- स्कूली बच्चों ने चौराहों पर संभाला जागरूकता का मोर्चा

■ मोहम्मदी (खीरी)।



गोमती नदी के संरक्षण और नगर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से सोमवार को गोमती श्रमदान मूवमेंट की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों और विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया। रैली के दौरान पर्यावरण संरक्षण और नदी की स्वच्छता से जुड़े संदेश दिए गए।

नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी रैली में गोमती बचाओ, पर्यावरण बचाओ और प्लास्टिक मुक्त मोहम्मदी के नारे लगाए गए। कार्यक्रम में विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख महेंद्र कुमार बाजपेई और नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा शामिल हुए। विधायक ने लोगों को गोमती नदी में कूड़ा न डालने, जलस्रोतों को प्रदूषित होने से बचाने और प्लास्टिक का उपयोग कम करने की शपथ दिलाई।

विधायक ने कहा कि नदियों और पर्यावरण का संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है। इसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। ब्लॉक प्रमुख और नगर पालिका अध्यक्ष ने भी अभियान की सराहना करते हुए इसमें निरंतर जनभागीदारी बनाए रखने की अपील की।

रैली में उमा देवी चिल्ड्रंस एकेडमी के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने विशेष सहभागिता की। विद्यालय की छात्राओं ने अशोक चौराहे, पीडी भारतीय इंटर कॉलेज के पास, बापू वाटिका और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। छात्रा आयुषी वर्मा ने अशोक चौराहे पर राहगीरों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

ढोल, बैनर, तिरंगा, झांकियों और वाहनों के साथ निकली रैली में सिख समाज समेत विभिन्न सामाजिक वर्गों के लोगों ने हिस्सा लिया। आयोजन की व्यवस्थाओं में संयोजक गौरव गुप्ता, योगेश त्रिवेदी, प्रवीण मेहरोत्रा, आनंद बाजपेई, रामनिवास दीक्षित, संदीप गुप्ता, अमित भसीन, अतुल बाजपेई, अंकुर यादव, अश्वनी सिंह राजपूत और अतुल रस्तोगी ने सहयोग किया। संचालन गोपाल तिवारी ने किया।

हड़ताल पर अड़े 11 समिति सचिव निलंबित

उन्नाव। वेतन समेत विभिन्न मांगों को लेकर 22 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे सहकारी समिति कर्मचारियों पर सहकारिता विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। कई नोटिसों के बाद 73 सचिवों को अंतिम कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। वहीं, हड़ताल से तीन कर्मचारी संगठनों के वापस लौटने के बाद 52 समितियों के सचिव और प्रभारी काम पर लौट आए हैं। इसके बावजूद ड्यूटी पर नहीं लौटने वाले 11 समिति सचिवों के खिलाफ निलंबन समेत अन्य कार्रवाई की गई है। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता रवींद्र कुमार सिंह ने बताया कि दो दिन के भीतर शेष कर्मचारी काम पर नहीं लौटे तो उनके खिलाफ भी कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। किसानों को खाद की किल्लत न हो, इसके लिए आईएफएफडीसी और एग्रीजंक्शन केंद्रों से भी उर्वरक वितरण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि अक्टूबर तक यूरिया वितरण लक्ष्य का 128 प्रतिशत और फास्फेटिक उर्वरक का 111 प्रतिशत पूरा हो चुका है। किसानों को समय से खाद उपलब्ध कराने के लिए आवंटन की व्यवस्था डीएम की अध्यक्षता वाली समिति करेगी।

आर्थिक तंगी से जूझती बुजुर्ग की मदद को आगे आए अमनदीप

- लखनऊ जाने तक का खर्च जुटाना मुश्किल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने परिजन को दी आर्थिक सहायता

■ निघासन (खीरी)



बीमारी से परेशान बुजुर्ग महिला के सामने आर्थिक तंगी ने इलाज का संकट खड़ा कर दिया था। हालत यह थी कि परिजन उन्हें उपचार के लिए लखनऊ ले जाने का किराया तक जुटाने में असमर्थ थे। इसकी जानकारी मिलने पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह ने बेनीपुरवा गांव पहुंचकर परिवार की मदद की।

रविवार को अमनदीप सिंह निघासन ब्लॉक की सिधौना ग्राम पंचायत के बेनीपुरवा गांव पहुंचे। यहां उन्होंने कैंसर की आशंका से जूझ रही बुजुर्ग साबिरा और उनके परिजनों से मुलाकात की। महिला के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के साथ ही परिवार की आर्थिक स्थिति के बारे में भी जाना।

परिजनों ने बताया कि आर्थिक संसाधनों की कमी के चलते उपचार के लिए बाहर ले जाने में परेशानी हो रही है। स्थिति को देखते हुए अमनदीप सिंह ने परिवार को इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि उपचार के दौरान आगे भी किसी तरह की जरूरत पड़ने पर यथासंभव सहयोग किया जाएगा।

कथा के चौथे दिन शिव महापुराण में गूंजा जरूरतमंदों की मदद और मानव सेवा का संदेश, भावविभोर हुए श्रद्धालु

शिक्षा-सेवा के दीप जलाना ही दीपावली की सबसे बड़ी खुशी : प्रदीप मिश्रा

- दीन-दुखियों की सेवा और असहायों का सहारा बनना भी शिवभक्ति

■ उन्नाव



जमीन पर बैठकर कथा श्रवण करते आयोजक व उमड़ी अस्था की भीड़।

भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र के बीघापुर स्थित ग्राम गौरी में चल रही श्री शिवदीप शिव महापुराण कथा के चौथे दिन कथा व्यास पंडित प्रदीप मिश्रा (सीहोर वाले) ने श्रद्धालुओं को भक्ति के साथ मानव सेवा, शिक्षा और परोपकार का ऐसा संदेश दिया, जिसने लोगों को आत्ममंथन करने पर मजबूर कर दिया।

उन्होंने कहा कि दीपावली की असली खुशी पटाखे जलाने, मिठाइयां खाने, घरों की सजावट और नए कपड़े खरीदने में नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद के जीवन में खुशियों का उजाला भरने में है। कथा व्यास ने कहा कि दीपावली की सबसे बड़ी आतिशबाजी तब होती है, जब कोई बच्चा पढ़ना चाहता है और हम उसकी शिक्षा की जिम्मेदारी उठाते हैं। किसी गरीब परिवार का बच्चा आर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई से वंचित है तो उसकी मदद करना सबसे बड़ा पुण्य है।

भगवान ने किसी को सामर्थ्य दिया है तो उसका उपयोग दूसरों के जीवन को संवारने में करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि आसपास कोई बीमार व्यक्ति दवा और बेहतर इलाज के अभाव में परेशान है तो दीपावली पर सजावट, पेंट और पटाखों पर खर्च होने वाली धनराशि बचाकर उसकी चिकित्सा में सहयोग करें। किसी जरूरतमंद को दवा दिलाकर उसके चेहरे पर मुस्कान लाना ही सच्चे अर्थों में दीपावली मनाना है। इससे मिलने वाली आत्मिक खुशी किसी उत्सव से कम नहीं होगी। पंडित प्रदीप मिश्रा ने समझाया कि भगवान शिव की सच्ची साधना केवल पूजा-पाठ और जलाभिषेक तक सीमित नहीं है, बल्कि दीन-दुखियों की सेवा और असहायों का सहारा बनना भी शिवभक्ति का महत्वपूर्ण स्वरूप है। उनके इन प्रेरक वचनों पर कथा पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भावविभोर नजर आए। कथा के चौथे दिन भक्ति के साथ सामाजिक सरोकारों का संदेश भी जनमानस तक पहुंचा।

आयोजक मंदिर निर्माण के लिए करेंगे 13 बीघा जमीन का दान

बैसवारे की धरती इन दिनों शिवभक्ति के रंग में रंगी है। सात दिवसीय शिव महापुराण कथा में कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से शिवमहिमा का रसपान करने के लिए लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। हर ओर हर-हर महादेव का जयघोष गूंज रहा है। इसी बीच आयोजक अरुण सिंह ने मंदिर निर्माण के लिए 13 बीघा जमीन दान देने की घोषणा कर आयोजन को नई पहचान दे दी है।

खंडित मूर्तियों और पूजन सामग्री के लिए बने संग्रह केंद्र

नदियों में पूजा सामग्री विसर्जन से मिलेगी मुक्ति

■ उन्नाव



संग्रह केंद्र का शुभारंभ करते गणमान्य महानुभाव।

सनातन धर्म की आस्था और पर्यावरण संरक्षण को जोड़ते हुए नर सेवा-नारायण सेवा समिति ने सराहनीय पहल की है। समिति की ओर से शहर के प्रमुख मंदिरों में खंडित मूर्तियों और पूजन सामग्री के संग्रह के लिए विशेष केंद्र स्थापित किए गए हैं। सोमवार को आवास विकास स्थित अखिलेश्वर महादेव मंदिर में भाजपा नेता एवं समिति के संस्थापक विमल द्विवेदी और प्रदेश अध्यक्ष अनीता विमल द्विवेदी ने विधिवत पूजा-अर्चना कर संग्रह केंद्र का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विमल द्विवेदी ने कहा कि अक्सर श्रद्धालु खंडित मूर्तियां, पुरानी मालाएं, फूल और मांगलिक कार्यक्रमों के निमंत्रण पत्र मंदिरों के बाहर, पेड़ों के नीचे या सार्वजनिक स्थानों पर रख देते हैं। इससे धार्मिक आस्था के प्रतीकों का अनादर होता है। वहीं, नदियों में पूजन सामग्री प्रवाहित करने से जल प्रदूषण भी बढ़ता है।

उन्होंने बताया कि इन संग्रह केंद्रों के माध्यम से श्रद्धालु पूजन सामग्री और खंडित मूर्तियां सम्मानपूर्वक जमा कर सकेंगे। समिति की ओर से इनका शास्त्रोक्त विधि से भू-विसर्जन और निस्तारण कराया जाएगा। अनीता विमल द्विवेदी ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा की भावना के साथ समिति धार्मिक और सामाजिक कार्यों में जुटी है। अखिलेश्वर महादेव मंदिर के अलावा बड़े हनुमान मंदिर, कल्याणी मंदिर और कब्बा खेड़ा तिराहा स्थित हनुमान मंदिर में भी संग्रह केंद्र बनाए गए हैं। इस दौरान अजय त्रिवेदी, राकेश राजपूत, नीलमणि सिंह, ज्योति राजपूत, पवित्र उपाध्याय, कमलेश दीक्षित, अखिल मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

पांच नवंबर को लगेगा रोजगार मेला, 40 से अधिक कंपनियां लेंगी भाग

बुलन्दशहर। बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत 5 नवंबर को बुलन्दशहर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला सेवायोजन अधिकारी अपूर्वा दुबे ने बताया कि रोजगार मेला सुबह 10 बजे से डीएवी पीजी कॉलेज, बुलन्दशहर में आयोजित होगा। इसमें निजी क्षेत्र की 40 से अधिक कंपनियां भाग लेकर योग्य अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में आठवीं पास से लेकर हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक, आईटीआई एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकेंगे। अभ्यर्थियों का चयन संबंधित नियोजकों द्वारा साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने साथ बायोडाटा लेकर पहुंचना होगा।

एक क्विंटल आतिशबाजी बरामद, आरोपी गिरफ्तार

शिकारपुर। पहासू थाना पुलिस ने बनैल बंबा के पास चेकिंग के दौरान छोटा हाथी वाहन से एक क्विंटल आतिशबाजी बरामद की। इसकी बाजार कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार, वाहन में दो बोरे और छह कार्टून में आतिशबाजी भरी थी। लाइसेंस नहीं दिखाने पर अलीगढ़ के क्वारसी क्षेत्र निवासी बबलू खान पुत्र नन्हे खान को गिरफ्तार कर आतिशबाजी जब्त कर ली गई। वाहन के कागजात नहीं मिलने पर उसे भी सीज कर दिया गया।

डीके शर्मा भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री मनोनीत



जिला मंत्री डीके शर्मा।

शिकारपुर। अहमदगढ़ निवासी भाजपा नेता डीके शर्मा को किसान मोर्चा का जिला मंत्री मनोनीत किया गया है। मनोनयन की जानकारी मिलते ही कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। मनोनयन पत्र भाजपा जिलाध्यक्ष विकास चौहान एवं किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ललित जादौन द्वारा जारी किया गया है।

सर्वेश वर्मा बनीं भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री

औरंगाबाद। नगर निवासी सर्वेश वर्मा को भाजपा महिला मोर्चा का जिला मंत्री मनोनीत किया गया है। नियुक्ति से समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने टीचर कॉलोनी स्थित उनके आवास पर पहुंचकर बधाई दी। सर्वेश वर्मा ने सभी का मुंह मीठा कराया। उनकी नियुक्ति जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष कल्पना वर्मा की संस्तुति पर प्रदेश नेतृत्व द्वारा की गई है।

अनामिका चीनी मिल का पेराई सत्र शुरू, जिला गन्ना अधिकारी ने किया शुभारंभ

औरंगाबाद। रेणुका शुगर्स की इकाई अनामिका चीनी मिल भंडोरिया में सोमवार को पेराई सत्र 2026-27 का शुभारंभ जिला गन्ना अधिकारी सना आफरीन ने पूजा-अर्चना और हवन के बाद मिल चेन में गन्ना डालकर किया। इस दौरान प्रथम गन्ना लेकर पहुंचे किसानों को मिल प्रबंधन की ओर से पुरस्कृत किया गया। जिला गन्ना अधिकारी ने मिल प्रबंधन को शुभकामनाएं देते हुए किसानों का गन्ना मूल्य समय से भुगतान करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में मिल उपाध्यक्ष डॉ. तेजवीर सिंह ढाका, यूनिट हेड संजय धीमान, गन्ना महाप्रबंधक जितेंद्र पंवार, एचआर हेड रमेश मिश्रा, डेवलपमेंट हेड नीरज उज्ज्वल सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग और सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

मां महाकाली की शोभायात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, महाआरती रही आकर्षण का केंद्र।



मां महाकाली की शोभायात्रा काशुभारंभ करते अतिथि।

जहांगीराबाद। नगर के मोहल्ला पाठक में मां महाकाली की भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। भाजपा नेता अनिल गुप्ता, नरेंद्र शर्मा और नवीन बंसल ने फीता खोलकर शुभारंभ किया। धन्नूमल चौक पर विशाल महाआरती हुई, जबकि नवदुर्गा कार्यक्रम में नन्हे बच्चों ने महिषासुर वध का शानदार मंचन किया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजन में गौरव बंसल सहित कमेटी सदस्यों और पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा।

रामलीला कमेटी ने भाजपा नेता शांति स्वरूप शर्मा का किया स्वागत

छतारी। ग्राम नारऊ में आयोजित रामलीला में भाजपा नेता एवं समाजसेवी शांति स्वरूप शर्मा ने पहुंचकर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद लिया। उन्होंने रामलीला कमेटी को 11 हजार रुपये की सहयोग राशि भेंट की। आदर्श युवा कमेटी के पदाधिकारियों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत कर स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस दौरान अरुण कुमार भारद्वाज, कपिल गौड़, डॉ. ऋषि भारद्वाज सहित अन्य सदस्य एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

प्रशासन ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



बाजार में अतिक्रमण हटवाते प्रशासनिक अधिकारी।

डिबाई। दीपावली के मद्देनजर बाजारों में अतिक्रमण से हो रही परेशानी को देखते हुए प्रशासन ने अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया। एसडीएम रविकांत चौबे, सीओ मधुप कुमार, कोतवाली प्रभारी विशाल प्रताप चौहान, सिटी इंचार्ज विशाल प्रताप और अधिशासी अधिकारी अरविंद मिश्रा ने पुलिस व नगर पालिका टीम के साथ बाजारों में गश्त कर दुकानों के बाहर रखा सामान हटवाया। कुछ सामान जब्त कर ले जाया गया। अधिकारियों ने दुकानदारों को निर्धारित सीमा में रहकर दुकान लगाने के निर्देश दिए। अभियान से लोगों ने राहत महसूस की।

रोटरी क्लब ने आयोजित किया पारिवारिक मिलन समारोह



पारिवारिक मिलन समारोह में शामिल अतिथि और रोटरी परिवार।

खुर्जा। रोटरी क्लब खुर्जा सिटी की ओर से महाराजा अग्रसेन भवन में करवा चौथ एवं दीपावली उत्सव के उपलक्ष्य में पारिवारिक मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें करीब 50 रोटरी परिवारों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि निर्वाचित मंडलाध्यक्ष 2027-28 रो. डॉ. काव्या सौरभ रस्तोगी ने क्लब के 26 वर्षों के सेवा कार्यों की सराहना की। समारोह में करवा चौथ क्वीन अवार्ड एनी तनुजा चौधरी को दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों, मनोरंजक खेलों और कपल डांडिया ने सभी का मन मोह लिया। अध्यक्ष रो. विनोद आहूजा, सचिव रो. हिमांशु अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रो. रोहित सिंघल और आगामी अध्यक्ष रो. रुपेश अग्रवाल सहित क्लब के सदस्य मौजूद रहे।

दीपावली से पहले नई स्ट्रीट लाइटों से जगमगाएंगे शहर के प्रमुख मार्ग

करीब तीन करोड़ रुपये की लागत से आगरा, मथुरा और जीटी रोड पर शुरू हुई नई प्रकाश व्यवस्था

■ अलीगढ़।

दीपावली से पहले नगर निगम ने शहर के प्रमुख मार्गों पर नई प्रकाश व्यवस्था शुरू की है। करीब तीन करोड़ रुपये की लागत से 716 नए खंभों पर एलईडी स्ट्रीट लाइटें लगाई गई हैं। सोमवार को महापौर प्रशांत सिंघल और नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने अहिल्याबाई होल्कर चौराहे के पास बटन दबाकर परियोजना का लोकार्पण किया।



अहिल्याबाई होल्कर चौराहे के पास बटन दबाकर परियोजना का लोकार्पण करते महापौर प्रशांत सिंघल और नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा।

परियोजना के तहत आगरा रोड पर गांधी पार्क चौराहे से सासनी गेट तक 253, सासनी गेट से मथुरा रोड तक 129 और जीटी रोड पर सूत मिल चौराहे से अचल ताल तक 334 खंभों पर लाइटें लगाई गई हैं।नगर आयुक्त ने बताया कि पहले चरण में प्रमुख मार्गों को रोशन किया गया है। अगले चरण में मुख्य बाजारों, गलियों, मोहल्लों, पार्कों और मलिन बस्तियों में प्रकाश व्यवस्था बेहतर की जाएगी। अगले छह माह में चरणबद्ध तरीके से शहर के सभी क्षेत्रों को स्ट्रीट लाइट व्यवस्था से जोड़ने का प्रयास है।महापौर ने कहा कि बेहतर प्रकाश व्यवस्था से रात्रिकालीन आवागमन सुगम होगा और अंधेरे वाले स्थानों को कम करने में मदद मिलेगी। इस दौरान पार्षद और नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

अलीगढ़ से देशव्यापी अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान की शुरुआत

■ अलीगढ़

आग से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम और जनजीवन की सुरक्षा के उद्देश्य से लोटस टेक्नोलॉजीज ने एक नवंबर को 'भारत अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान' का शुभारंभ किया। इसके तहत देशभर के विद्यालयों, महाविद्यालयों, अस्पतालों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों में निःशुल्क जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।अभियान के निदेशक आरिफ सिद्दीकी ने बताया कि लोगों को आग से बचाव, अग्निशमन उपकरणों के उपयोग, विद्युत सुरक्षा और आपातकालीन निकासी की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जाकिर हुसैन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद मुजम्मिल रहे। सह-परियोजना निदेशक मानसी वत्स ने अभियान की कार्ययोजना की जानकारी दी। अतिथियों ने अग्नि सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने की पहल की सराहना की।इस अवसर पर दानिश फरहत सिद्दीकी, डॉ. राजेंद्र कुमार वार्ष्णेय, प्रो. उमर फारूक, जॉनी फोस्टर, डॉ. जिकुर रहमान, अधिवक्ता शम्सुल, शकील खान, शकीब जैदी, वीरपाल सिंह, मनोज भट्ट, हुमैरा अली और कपिल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

सरकारी खाद्यान्न के उठान में अनियमितता के आरोप, अधिकारियों को सूचना के बाद भी कार्रवाई पर सवाल

■ अलीगढ़।

■ **निर्धारित वाहनों के स्थान पर दूसरे वाहनों से खाद्यान्न ले जाने की शिकायत, देर रात 112 पर दी गई सूचना**

सरकारी खाद्यान्न के उठान में बड़े स्तर पर अनियमितता किए जाने के आरोप सामने आए हैं। शिकायत के अनुसार, शासन ने भारतीय खाद्य निगम के गोदाम से खाद्यान्न ले जाने वाले वाहनों को जीपीएस प्रणाली से जोड़ने के साथ उनके पंजीकृत नंबर मुख्यालय स्तर पर दर्ज कराए हैं। इसके बावजूद रविवार देर रात निर्धारित वाहनों के स्थान पर कथित तौर पर दूसरे वाहनों में खाद्यान्न भरकर बाहर ले जाने की प्रक्रिया चलने की सूचना दी गई।शिकायतकर्ता के अनुसार, रात में डायल 112 पर सूचना देने के बाद संबंधित उपजिलाधिकारी को फोन किया गया, लेकिन उनका नंबर बंद मिला। जिला पूर्ति अधिकारी को भी फोन किया गया, पर कॉल का जवाब नहीं मिला। इसके बाद जिलाधिकारी को सूचना दी गई, जिसके बाद मौके पर हलचल शुरू होने की बात कही गई।आरोप है कि निर्धारित जीपीएस युक्त वाहनों के स्थान पर अन्य वाहनों का इस्तेमाल किया जा रहा था और उन्हीं वाहनों के द्वार पास तथा टीडी काटकर उन्हें बाहर निकालने की प्रक्रिया चल रही थी। मामला अधिकारियों के संज्ञान में लाए जाने के बावजूद अब तक कार्रवाई नहीं होने का आरोप भी लगाया गया है।मामले में गोदाम से खाद्यान्न उठान के अभिलेखों, वाहन पंजीकरण, जीपीएस विवरण और द्वार पास की जांच कर जिम्मेदारी तय किए जाने की मांग उठ रही है।

हुतात्मा दिवस पर विहिप-बजरंग दल ने लगाया रक्तदान शिविर

■ **92 लोगों के जीवन बचानेको एकत्रित किया रक्त , युवाओं ने उत्साह से किया रक्तदान**



रक्तदान शिविर में मौजूद विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल हरिगढ़ महानगर के कार्यकर्ता।

■ अलीगढ़।

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल हरिगढ़ महानगर की ओर से 2 नवंबर को हुतात्मा दिवस पर जिला मलखान सिंह अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। आयोजकों के अनुसार, कुल 92 लोगों के जीवन बचाने योग्य रक्त एकत्रित हुआ।विहिप के प्रांत सहमंत्री मुकेश राजपूत ने कहा कि हुतात्मा दिवस राम मंदिर आंदोलन में बलिदान देने वाले कोठारी बंधुओं के त्याग और समर्पण का स्मरण कराता है। ब्रजप्रांत प्रचार-प्रसार सहप्रमुख प्रतीक रघुवंशी ने रक्तदान को जरूरतमंदों की जान बचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए लोगों से नियमित रक्तदान की अपील की।शिविर में रक्त बैंक की टीम ने पंजीकरण और स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था संभाली। कार्यक्रम संयोजक बजरंग दल महानगर संयोजक दीपक राजपूत रहे। इस दौरान उमाकांत उपाध्याय, मयंक कुमार, इंद्रपाल सिंह, आलोक याग्निक, प्रियव्रत मिश्र, योगेंद्र गुप्ता, अमित शर्मा, जितेंद्र आर्य सहित संगठन के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सोशल मीडिया पर शिक्षिका का नाम व नंबर पोस्ट करना पड़ा भारी

■ खैर

क्षेत्र के एक कान्वेंट स्कूल की शिक्षिका का नाम व मोबाइल नंबर सोशल मीडिया पर पोस्ट करना पालिका कर्मी को भारी पड गया। शिक्षिका की तहरीर पर नामजद के खिलाफकोतवाली खैर में सूचना प्रौद्यौगिकी एक्ट 2008 की धारा 66 ई के तहत अभियोग दर्ज कराया गया है।

कोतवाली के निकट स्थित एक गांव निवासी युवती क्षेत्र के कान्वेंट स्कूल में शिक्षिका है। शिक्षिका का आरोप था कि नामजद सोशल मीडिया पर भ्रामक व दुर्भावनापूर्ण पोस्ट डाल रहा है तथा अश्लील बातें कर रहा था। बीती 31 अक्टूबर को नामजद ने हदें पार करते हुए अपने फेसबुक अकाउंट से लाइव वीडियो पोस्ट की, जिसमें नामजद ने शिक्षिका का नाम व मोबाइल नम्बर बिना सहमति के सार्वजनिक कर दिया। शिक्षिका का आरोप है कि बिना सहमति के नाम व मोबाइल नंबर सार्वजनिक करना उसकी प्राइवेसी का हनन है। जिससे उसके मान सम्मान व प्रतिष्ठा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। भविष्य में अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए शिक्षिका ने अप्रिय घटना के लिए नामजद को जिम्मेदार ठहराते हुए कोतवाली खैर में तहरीर दी थी। शिक्षिका की तहरीर पर राजेश चौधरी पुत्र रूमाल सिंह निवासी त्रिवेणी नगर, कस्बा खैर के खिलाफ कोतवाली खैर में अभियोग दर्ज कराया गया है। खैर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर उसका शान्तिभंग की धारा में चालान कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया। जहां निजी मुचलकों पर आरोपित को रिहा कर दिया गया। एसएचओ राजीव चौधरी ने मामले की जांच अपराध निरीक्षक इफ्तिखार अली को सोंपकर कार्रवाही के निर्देश दिए है।

पिता और दो पुत्रों पर प्रतिबंधित पेड़ काटने का आरोप

खैर। खैर-टेंटीगांव रोड स्थित गांव भानेरा में ग्राम समाज की भूमि पर लगे दस हरे पेडों को काटने का मामला प्रकाश में आया है। एक महिला की शिकायत पर वन विभाग ने पुलिस के साथ मौके पर जांच पडताल की है। भानेरा निवासी शोभा देवी के द्वारा एसडीएम खैर को दिये प्रार्थना पत्र के अनुसार 29 अक्टूबर को गांव निवासी एक व्यक्ति और उसके दो पुत्रों ने अपने खेत तथा चकरोड के बीच स्थित ग्राम समाज की जमीन पर लगे दस हरे पेडों को अवैध रूप से काट दिया। महिला की शिकायत पर वन विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर जांच की। मामले में रेंजर राजकुमार ने बताया कि काटे गए दस पेडों में एक नीम का प्रतिबंधित पेड था। पेड काटने के लिए वन विभाग से कोई अनुमति नहीं ली गई थी। राजस्व विभाग को भी मामले की सूचना दे दी गई है। राजस्व विभाग से मौके का निरीक्षण कर यह स्पष्ट करने को कहा गया है कि प्रतिबंधित पेड ग्राम समाज की जमीन पर थे या निजी खेत में थे।

गंदगी के बीच तैयार हो रहे थे मिलावटी रसगुल्ले, खाद्य विभाग ने कराया नष्ट।

बुलन्दशहर। जिले के खुर्जा जंक्शन क्षेत्र के गांव कलंदरगढ़ी में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिलावटी छैना रसगुल्ला बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। यहां चौधरी स्वीट्स के नाम से बोर्ड लगाकर संचालित फैक्ट्री में कथित तौर पर अरारोट और केमिकल पदार्थों का इस्तेमाल कर रसगुल्ले तैयार किए जा रहे थे। छापेमारी के दौरान फैक्ट्री में बेहद गंदगी मिली। मिठाइयां अस्वच्छ परिस्थितियों में तैयार की जा रही थीं और तैयार रसगुल्लों में मक्खी-मच्छर भी पाए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग की सहायक आयुक्त ममता चौधरी एवं अनिल राय के नेतृत्व में पहुंची टीम ने मौके से भारी मात्रा में तैयार रसगुल्ले बरामद किए, जिन्हें नष्ट करा दिया गया। इसके साथ ही रसगुल्ले बनाने में इस्तेमाल की जा रही सामग्री के चार से पांच नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजने की प्रक्रिया शुरू की गई है। विभाग के अधिकारियों के अनुसार, प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।



छापेमारी के दौरान फैक्ट्री में खाद्य सुरक्षा विभाग की सहायक आयुक्त ममता चौधरी और अनिल राय।

मेंड़ काटने का विरोध करने पर किसान को पीटा

खैर। कोतवाली के हलका फत्तेहगढी में खेत की मेंड काटने का विरोध करने पर नामजदों ने किसान को मारपीट कर चोटिल कर दिया। मामले में तीन के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

फत्तेहगढी निवासी रनवीर सिंह पुत्र जीवन सिंह के अनुसार बीती एक नवम्बर को खेत पर गए तो नामजद खेत की मेंड काट रहे थे। नामजदों से ऐसा करने से मना किया तो नामजद आमादा फौजदारी हो गए तथा गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट की। जाते समय नामजद जान से मारने की धमकी देकर चले गए। तहरीर पर हरपाल, सतीश, गुड्डन के खिलाफकोतवाली खैर में अभियोग दर्ज कराया गया है। इंस्पेक्टर खैर राजीव चौधरी ने मामले की जांच दरोगा कपिल पाल को सोंपकर कार्रवाही के निर्देश दिए है।

ग्रामीण महिलाओं को उद्यमी बनाने की अनूठी पहल



महिला को गिफ्ट देकर सम्मानित करतीं मुख्य अतिथि।



कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं।

■ **जरारा में महिला उद्यम विकास केंद्र का शुभारंभ**

■ खैर

ग्रामीण महिलाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सोमवार को गांव जरारा स्थित गिरि गौशाला (वैदिक ट्री कैंपस) में गुरुग्राम की संस्था रीड इंडिया की ओर से महिला उद्यम विकास केंद्र का शुभारंभ किया गया।

केंद्र के माध्यम से अगले पांच महीनों में क्षेत्र की 200 महिलाओं को विभिन्न कृषि आधारित उत्पादों के निर्माण, विपणन और व्यवसाय संचालन का प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे विशेषज्ञों और सफल महिला उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा कर महिलाओं को उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में रीड इंडिया की कंट्री डायरेक्टर डॉ. गीता मल्होत्रा ने कहा कि रीड इंडिया देश के दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में लाइब्रेरी और कंप्यूटर सेंटर स्थापित करने के साथ महिलाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। संस्था का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें स्वयं का रोजगार शुरू करने के अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं अपनी क्षमता पहचानें और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ें। मुरादाबाद से पहुंचे जाट संस्था के प्रमुख दीपक मेहंदीरत्ता ने बताया कि उनकी संस्था अब तक पांच हजार उद्यमियों को प्रशिक्षण दे चुकी है। उन्होंने महिलाओं को प्रशिक्षण का लाभ उठाकर छोटे-छोटे उद्यम शुरू करने और उन्हें सफल व्यवसाय में बदलने के लिए प्रेरित किया। पशु आहार विशेषज्ञ राकेश रैकवार ने वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन प्रबंधन की जानकारी देते हुए बताया कि उचित पशु आहार और बेहतर देखभाल से उच्च गुणवत्ता वाले दूध का उत्पादन करने, पशुओं का स्वास्थ्य सुधरने के साथ दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और ग्रामीण परिवारों की आमदनी में वृद्धि की संभावनाओं के बारे में बताया। पानीपत से आईं महिला उद्यमी अर्चना सोनी ने अपने तैयार किए उत्पादों का प्रदर्शन किया और ऑनलाइन माध्यम से उत्पादों की बिक्री करने के अनुभव साझा किए। पलवल के बड़ौली गांव से पहुंचे मनोज बैसला ने महिलाओं को साबुन बनाने का प्रशिक्षण दिया। लखनऊ से आए वैद्य राजेंद्र दीक्षित ने जोड़ों के दर्द में उपयोग होने वाले तेल और पंचगव्य मंजन बनाने का प्रदर्शन किया। खाद्य विशेषज्ञ गुरमिंदर कौर और गोबर गैस विशेषज्ञ अभिषेक होंडा ने भी अपने अनुभव साझा किए। मानेसर से आईं जोतना माकन ने उत्पादों के बाजार विकास और मार्केटिंग के संबंध में जानकारी दी। जैविक किसान हरेंद्र बैसला ने अपने गांव में जैविक सब्जियों का उत्पादन करने और स्थानीय स्तर पर उनके लिए बाजार विकसित करने का अनुभव साझा किया। गांव बझेड़ा से आईं प्रिया शर्मा ने महिलाओं एवं बच्चों की सुविधा के लिए कंप्यूटर सेंटर और लाइब्रेरी स्थापित करने की मांग रखी। इस पर डॉ. गीता मल्होत्रा ने तत्काल सहमति देते हुए अगले एक महीने में केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए। वैदिक ट्री संस्था के अवधेश गिरि, सरोज गिरि, राजकुमारी गिरी, नम्रता गिरी, जगदीप गिरि, तरुण गिरि और अरविंद गिरि ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने वैदिक ट्री कैंपस में क्षेत्र के बच्चों के लिए कंप्यूटर सेंटर और लाइब्रेरी स्थापित करने की पहल का स्वागत किया।

त्योहारों पर बाट-माप विभाग सख्त, 36 दुकानों के किए चालान

■ बुलन्दशहर।

आगामी त्योहारों के मद्देनजर उपभोक्ताओं को सही माप-तौल में सामान उपलब्ध कराने के लिए बाट-माप विभाग ने जिलेभर में सघन जांच अभियान चलाया। नियंत्रक बाट-माप, लखनऊ के आदेश और सहायक नियंत्रक बाट-माप, मेरठ संभाग के निर्देश पर गठित टीम ने विभिन्न बाजारों में औचक निरीक्षण किया। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 36 दुकानों के चालान किए गए।

जांच के दौरान मिठाई विक्रेताओं, ज्वैलर्स कारोबारियों और एलपीजी गैस वितरकों की दुकानों को प्रमुखता से जांचा गया। बाट-माप विभाग के अधिकारी संजेश ने बताया कि त्योहारों के दौरान घटतौली और उपभोक्ताओं के साथ होने वाली धोखाधड़ी रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जांच में बिना सत्यापन वाले कांटे और बाट इस्तेमाल करने वाले दुकानदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई।

विभाग ने मिठाई विक्रेताओं को निर्देश दिए कि मिठाई के साथ डिब्बे का वजन जोड़कर ग्राहक से पैसे न वसूले जाएं। खाली डिब्बे का वजन अलग से घटाकर मिठाई का वास्तविक वजन ही ग्राहक को दिया जाए। इससे उपभोक्ताओं को निर्धारित कीमत पर पूरा सामान मिल सकेगा।



बाजारों में बाट-माप उपकरणों की जांच करती विभागीय टीम।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार दीपावली के मद्देनजर विशेष जांच अभियान आगामी 7 और 8 नवंबर तक जिलेभर में जारी रहेगा। इस दौरान घटतौली या बाट-माप संबंधी नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यापारियों के खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

सुभाषितम्

षड् दोषाः पुरुषेणेह हातव्या भूतिमिच्छता।
निद्रा तन्द्रा भयं क्रोध आलस्यं दीर्घसूत्रता॥

उन्नति और समृद्धि की इच्छा रखने वाले मनुष्य को छह दोषों का त्याग करना चाहिए–अधिक निद्रा, तंद्रा (ऊँघते रहना), भय, क्रोध, आलस्य और काम को टालते रहने की प्रवृत्ति।

संपादकीय

सुविधा की आड़ और साइबर ठगी

आमजन अब घर बैठे पैसे भेजने, बिल का भुगतान, खरीदारी और बैंकिंग जैसी सेवाओं के लिए विभिन्न डिजिटल मंचों का उपयोग करते हैं। देश की अर्थव्यवस्था को डिजिटल बनाने के लिए हर स्तर पर व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। इसी का नतीजा है कि ऑनलाइन माध्यम से धन के लेन-देन में तेजी से विस्तार हो रहा है। इंटरनेट बैंकिंग ने निश्चित तौर पर आर्थिक गतिविधियों को सुविधाजनक बनाया है, मगर इसके जोखिमों का दायरा जिस तरह फैलता जा रहा है, वह गंभीर चिंता का विषय है। साइबर अपराधी नए-नए तरीके अपनाकर लोगों की मेहनत की कमाई को एक झटके में उड़ा ले जाते हैं। इस तरह की वारदात का दुर्भाग्यपूर्ण पहलू यह है कि इसमें बैंकों की कोई जवाबदेही नहीं रहती है, भले ही तकनीकी तौर पर उनकी खामियां भी इसके लिए जिम्मेदार हों। इसी चिंता को रेखांकित करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने गत दिनों स्पष्ट कहा कि डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों में यदि किसी वित्तीय संस्थान की उचित जांच-पड़ताल में नाकामी के कारण अपराध हुआ है, तो पीड़ितों को गंवाई गई रकम के बराबर मुआवजा मिलना चाहिए। डिजिटल धोखाधड़ी का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि साइबर अपराधी लोगों की तकनीकी जानकारी की कमी और उनके विश्वास का फायदा उठाते हैं। कभी बैंक अधिकारी बनकर फोन किया जाता है, तो कभी केवाईसी अपडेट करने, बिजली का कनेक्शन काटने या किसी सरकारी योजना का लाभ दिलाने के नाम पर लोगों को जाल में फंसाया जाता है। फर्जी लिंक, नकली वेबसाइट, सोशल मीडिया संदेश और मोबाइल एप के माध्यम से भी ठगी की जाती है। कई बार तो किसी जांच एजेंसी के नकली अधिकारी बनकर लोगों को 'डिजिटल अरेस्ट' करके धन की उगाही कर ली जाती है। उच्चतम न्यायालय ने इसे 'डिजिटल डकैती' बताते हुए कहा है कि ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। न्यायालय का इस बात पर हैरानी जताना भी उचित है कि व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के दावों के बावजूद पढ़े-लिखे लोग इस तरह की साइबर धोखाधड़ी का शिकार कैसे हो रहे हैं। इससे सरकार के दावों और हकीकत के बीच अंतर का पता चलता है। इसे सरकार की नीतिगत विफलता ही माना जाएगा कि एक तरफ लोगों को डिजिटल भुगतान के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया जा रहा है, दूसरी ओर इसके तकनीकी जोखिमों से निपटने के लिए न तो व्यवस्था के स्तर पर प्रभावी उपाय नजर आते हैं और ना ही आम लोगों की डिजिटल साक्षरता को लेकर गंभीरता दिखाई देती है। यहां तक कि बैंकों जैसी वित्तीय संस्थाओं की जवाबदेही तय करने की जरूरत भी महसूस नहीं की गई है। यही वजह है कि शीर्ष न्यायालय को कहना पड़ा कि भारतीय रिजर्व बैंक के प्रस्तावित नियामकीय ढांचे में साइबर धोखाधड़ी की रोकथाम, मुआवजे और वित्तीय संस्थानों की जवाबदेही के स्पष्ट प्रावधान होने चाहिए। जाहिर है, बैंकों की भूमिका केवल डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं हो सकती हैं। उन्हें असामान्य गतिविधियों पर तुरंत चेतावनी और ग्राहकों की शिकायतों का जल्द निपटारा भी सुनिश्चित करना चाहिए।

पाती

जनता का भरोसा जीतने में विफल विपक्ष

दिल्ली में विपक्ष की रैली में अपेक्षा के अनुरूप भीड़ नहीं जुटना इस बात का संकेत है कि विपक्ष के प्रति जनता का आकर्षण कमजोर पड़ रहा है। केवल सरकार के विरोध में नारे लगाने और आरोपों की झड़ी लगाने से जनसमर्थन हासिल नहीं किया जा सकता। लोकतंत्र में जनता भाषणों से अधिक कार्य, तथ्य और विश्वसनीय विकल्प को महत्व देती है। विपक्ष यदि बार-बार भ्रामक दावों और निराधार आरोपों के सहारे जनमत प्रभावित करने का प्रयास करेगा, तो उसकी विश्वसनीयता पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। आज का जागरूक नागरिक राजनीतिक दलों के कथनों को परखता है और उनके आचरण का मूल्यांकन भी करता है। विपक्ष को आत्ममंथन करना चाहिए कि आखिर जनता उससे दूरी क्यों बना रही है। लोकतंत्र में भीड़ जुटाने से अधिक महत्त्व जनता का विश्वास अर्जित करने का है।

■ ऋषि पाराशर

आज का इतिहास

- 1838: मुंबई से 'बॉम्बे टाइम्स एंड जर्नल ऑफ कॉमर्स' का प्रकाशन आरंभ हुआ, जो आगे चलकर 'द टाइम्स ऑफ इंडिया' के नाम से प्रसिद्ध हुआ।
- 1947: भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान बडगाम की लड़ाई में भारतीय सेना के मेजर सोमनाथ शर्मा वीरगति को प्राप्त हुए। उन्हें मरणोपरांत देश के सर्वोच्च वीरता सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। वे इस सम्मान के प्रथम प्राप्तकर्ता थे।
- 1948: पंडित जवाहरलाल नेहरू ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में स्वतंत्र भारत के प्रतिनिधि के रूप में अपना पहला भाषण दिया।
- 1956: भारत का पहला परमाणु अनुसंधान रिएक्टर 'अप्सरा' सक्रिय हुआ। यह भारत के परमाणु अनुसंधान कार्यक्रम की एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि थी।
- 1962: चीन के साथ युद्ध के बाद देश की आर्थिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए भारत में स्वर्ण बॉण्ड योजना की घोषणा की गई।
- 1966: पंजाब के पुनर्गठन के बाद हरियाणा अलग राज्य के रूप में अस्तित्व में आया। हालांकि, राज्य का गठन 1 नवंबर 1966 को हुआ था।
- 1984: तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद दिल्ली सहित देश के कई हिस्सों में सिख विरोधी हिंसा भड़की। इन घटनाओं में हजारों लोगों की जान गई।
- 1988: भारतीय वायुसेना ने मालदीव में तख्तापलट के प्रयास को विफल करने के लिए सैन्य अभियान चलाया। यह अभियान 3 नवंबर को शुरू हुआ और भारत ने मालदीव की सरकार को बचाने में सहायता की।
- 2008: भारत के पहले चंद्र मिशन 'चंद्रयान-1' के मून इम्पैक्ट प्रोब ने चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक प्रभाव डाला। इस अभियान ने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई पहचान दी।
- 1493: क्रिस्टोफर कोलंबस ने अपनी दूसरी समुद्री यात्रा के दौरान कैरेबियाई क्षेत्र के डोमिनिका द्वीप पर पहुँचकर उसकी खोज की।

'वोट चोरी' बनाम 'अराजकता' की राजनीति

वोट चोरी के मुद्दे पर पूरा विपक्षी गठबंधन न सिर्फ एकजुट, बल्कि बेहद आक्रामक भी नजर आ रहा है। जंतर -मंतर पर प्रदर्शन और परिणामस्वरूप शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे से चर्चा में आयी कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) को तो इस बार दिल्ली पुलिस ने आंदोलन नहीं करने दिया, लेकिन विपक्ष को रोकने में उसे ज्यादा सफलता नहीं मिली।



■ राज कुमार सिंह

देश में राजनीतिक लड़ाई 'वोट चोरी बनाम अराजकता' के नैरेटिव तक सिमटती दिख रही है। सत्तापक्ष और विपक्ष, दोनों ही रविवार को सड़कों पर नजर आये। वोट चोरी के मुद्दे पर विपक्ष ने मार्च निकालते हुए दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली की तो भाजपा ने उसे 1984 के सिख दंगों से जोड़ते हुए देश भर में कांग्रेस के विरुद्ध मार्च निकाला। सड़क से गरमाती इस राजनीति की तपिश इसी माह शुरू होने जा रहे संसद के शीतकालीन सत्र में भी महसूस की जायेगी। वोट चोरी बनाम अराजकता के नैरेटिव की राजनीति कम-से-कम अगले साल होनेवाले विधानसभा चुनावों तक तो चलेगी। अगर विधानसभा चुनावों में इसका असर दिखा तो 2029 के लोकसभा चुनावों तक भी यह राजनीति खिंच सकती है।

हालांकि दो चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की कार्यशैली समेत आयोग की कार्यप्रणाली पर 10 महीनों में 14 बार आपत्ति के मीडिया में खुलासे के बाद यह विवाद सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है, जहां अगली सुनवाई 17 नवंबर को होगी। जाहिर है, अदालती लड़ाई लंबी चलती है, लेकिन विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' द्वारा 31 अक्टूबर को मॉक पार्लियामेंट में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरुद्ध महाभियोग पारित करने के अगले ही दिन रामलीला मैदान में रैली में तेवरों से साफ है कि विपक्ष इस मुद्दे को हाथ से नहीं जाने देगा और सड़क पर भी लड़ाई जारी रखेगा। जवाब में भाजपा बेहद आक्रामक नजर आ रही है, लेकिन उसकी प्रतिक्रियाओं को इस मुद्दे पर उसके दबाव में होने के संकेत के रूप में भी देखा जा रहा है। मॉक पार्लियामेंट का मखौल उड़ानेवाली भाजपा ने एक नवंबर को 'इंडिया' गठबंधन की रैली को सिख दंगा पीड़ितों के जख्मों पर नमक बताते हुए कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करने के लिए देश भर में मार्च निकाले। दिल्ली के सिख बहुल इलाकों में इस मार्च का नेतृत्व सिख समुदाय से आने वाले इकलौते केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने किया तो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने मार्च के लिए हरियाणा के रोहतक को चुना। हर मार्च में हर नेता के निशाने पर कांग्रेस ही रही। ध्यान रहे कि 31 अक्तूबर, 1984 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उन्हीं के सिख सुरक्षाकर्मियों द्वारा हत्या कर दिये जाने के बाद मुख्य रूप से एक नवंबर से भड़के सिख विरोधी दंगों में देश भर में हजारों सिखों की हत्या कर दी गयी थी। राजधानी दिल्ली में ही हजार से ज्यादा सिख मारे गये थे। दिल्ली के कई बड़े कांग्रेसी नेताओं पर सिख विरोधी दंगों में संलिप्तता के आरोप लगे। सज्जन कुमार को तो सजा भी हुई, जिनकी पिछले दिनों ही जेल में मृत्यु हो गयी। इसमें दो राय नहीं कि सिख दंगे एक दुखद और शर्मनाक घटनाक्रम रहा, पर क्या 1984 के बाद पंजाब में कई बार कांग्रेस सरकार बनना नहीं बताता कि सिख समुदाय कांग्रेस को अपने दुश्मन के रूप में नहीं देखता। दिल्ली में भी लगातार तीन बार कांग्रेस सरकार बिना सिख समुदाय के समर्थन के नहीं बन सकती थी। सिख दंगों के लिए मनमोहन सिंह ने प्रधानमंत्री रहते हुए माफी मांगी थी तो खुद राहुल गांधी भी माफी मांग चुके हैं। बेशक सिख दंगों के आरोपियों को सजा दिलवाने में भाजपा और उसकी सरकार प्रयासरत दिखीं, लेकिन भाजपा ने एक नवंबर की रैली को सिख दंगों के मुद्दे पर कांग्रेस को कठघरे में खड़ा का मौका शायद इसलिए भी बनाया, क्योंकि पंजाब में अगले साल फरवरी में विधानसभा चुनाव हैं।



भाजपा ने कांग्रेस को धनतेरस और दीपावली जैसे त्योहारों के मद्देनजर भी कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की कि इससे खासकर रामलीला मैदान के नजदीकी चांदनी चौक और सदर बाजार जैसे बड़े बाजारों के दुकानदारों को हजारों करोड़ का नुकसान होगा। बेशक व्यापारियों के संगठन सीआईटी ने भी कांग्रेस को चार-चार पत्र लिखे कि रैली स्थगित कर दी जाये। कांग्रेस से हर्जाना मांगने की धमकी भी दी गयी, लेकिन राहुल गांधी ने जवाब दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ज्ञानेश कुमार से इस्तीफा दिलवा दें, 30 सेकंड में रैली रद्द कर दी जायेगी। रैली वाले दिन राहुल गांधी ने वीडियो जारी कर रैली में भाग लेने आये लोगों से अपील की कि वे वापसी में दिल्ली के व्यापारियों से खरीददारी करें, लेकिन बाद में दूसरा वीडियो जारी कर दिल्ली पुलिस पर जबर्दस्ती दुकानें बंद करवाने का आरोप भी लगाया यानि नैरेटिव बनाने की कवायद में कोई किसी से पीछे नहीं रहना चाह रहा।

वोट चोरी के मुद्दे पर पूरा विपक्षी गठबंधन न सिर्फ एकजुट, बल्कि बेहद आक्रामक भी नजर आ रहा है। जंतर -मंतर पर प्रदर्शन और परिणामस्वरूप शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे से चर्चा में आयी कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) को तो इस बार दिल्ली पुलिस ने आंदोलन नहीं करने दिया, लेकिन विपक्ष को रोकने में उसे ज्यादा सफलता नहीं मिली। चुनाव आयोग तक मार्च और फिर जंतर- मंतर पर धरना पुलिस द्वारा विफल कर दिये जाने के बाद 'इंडिया' गठबंधन सुप्रीम कोर्ट तक मार्च निकालने में सफल रहा। भाजपा ने उसे न्यायपालिका पर दबाव बनाने की कोशिश बताते हुए कड़ी आलोचना की, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उसे उस नजर से नहीं देखा। जैसा कि अकसर होता है, रामलीला मैदान की रैली में जुटी भीड़ को ले कर अपने-अपने दावे हैं। कांग्रेस के 10 लाख लोग जुटाने के दावे की याद दिलाते हुए भाजपा रैली को फ्लॉप बता रही है तो 'इंडिया' गठबंधन रैली को ऐतिहासिक बता रहा है। सच इन दोनों के बीच कहीं है। 10 लाख की भीड़ दिल्ली में आज तक किसी रैली में नहीं जुटी, लेकिन 12 साल से चुनावी हार से बेजार विपक्ष, तमाम सरकारी बंदिशों के बावजूद, प्रभावशाली भीड़ जुटाने में सफल रहा।

राजनीतिक रैलियों में भीड़ का अपना महत्व है, लेकिन ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि वोट चोरी के मुद्दे पर आंदोलन ने विपक्ष को एकजुट कर दिया है राहुल गांधी के उसके निर्विवाद नेता के रूप में स्थापित। 19 सदस्यीय 'इंडिया' गठबंधन के विस्तार की उम्मीदें भी जगी हैं। गठबंधन का हिस्सा न होने के बावजूद ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के बीजू जनता दल ने चुनाव आयोग तक मार्च में भाग लिया तो आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की वाईएसआर कांग्रेस अतीत में मोदी सरकार का समर्थन करने पर अफसोस जताते हुए अब विपक्षी गठबंधन में शामिल होना चाहती है। रामलीला मैदान रैली में 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं से वोट चोरी के मुद्दे पर आंदोलन के अगले कदम की घोषणा की उम्मीद थी, पर उन्होंने ऐसा कुछ किया नहीं। वैसे संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने में तीन सप्ताह का समय शेष है, जिसमें विपक्ष इस मुद्दे पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश करेगा ही यानि सड़क से संसद तक सत्तापक्ष और विपक्ष में वोट चोरी बनाम अराजकता के राजनीतिक नैरेटिव की जंग जारी ही रहेगी, पर विवाद का केंद्र बने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का मौन टूटने के कोई संकेत नहीं मिलते।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं)

एमएलसी चुनाव और बैलेट पेपर की बेवफाई

कहते हैं, चौसर की बिसात बिछाने वाला यह मानकर चलता है कि पासे उसी के इशारे पर चलेंगे। युधिष्ठिर भी यही मानकर बैठे थे। बिसात उनकी भी थी, नियम उनके भी, और हारे भी वे। महाभारत के उस प्रसंग को इतिहास का प्रमाण न मानें, तो भी वह एक प्रतीक तो है ही : जो खेल अपनी शर्तों पर खेला जाए, उसमें हार का दंश दोगुना होता है। 28 विधान परिषद सीटों के नतीजे पढ़ते हुए यही प्रसंग बार-बार याद आता है। तथ्य संक्षेप में यह है कि चार राज्यों की अट्ठाईस सीटों पर 23 अक्टूबर को 'मतपत्रों' से मतदान हुआ और 28 अक्टूबर को गिनती। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार भाजपा-राजग को सोलह सीटें मिलीं, अकेले भाजपा को तेरह, और कांग्रेस को केवल एक: नागपुर, जिसका ऐलान चालीस घंटे से अधिक चली गिनती के बाद अगली सुबह हुआ। जो पार्टी दो साल से यह कहती रही कि मतपत्र लौटेंगे तो चुनाव पर भरोसा लौटेगा, उसके लिए मतपत्र का यह फैसला असहज करने वाला है। पर मेरी दृष्टि में असल बात 'एक' की संख्या नहीं, उन चेहरों की है जो कांग्रेस की जगह मतपत्र पर उभरे।



■ के विश्वदेव राव

प्रधानमंत्री ने तकनीक को ही संदेश बना दिया। उन्होंने सवाल उछाला कि बताइए, कांग्रेस को कितनी सीटें मिलीं। उत्तर 'एक' है, पर यथार्थ यह भी है कि उसी मतपत्र ने महाविकास अघाड़ी को महाराष्ट्र की पाँच में से तीन और समाजवादी पार्टी को उत्तर प्रदेश की ग्यारह में से पाँच सीटें दीं, जिनमें दो ऐसी थीं जो भाजपा के पास थीं। यानी मतपत्र की बहस कांग्रेस के काम नहीं आई। जिस तर्क को उसने दो साल सींचा, उसकी फसल सहयोगियों ने काट ली। अब सवाल यह है कि जो पार्टी दूसरों की जीत में अपनी दलील का प्रमाण ढूँढ़ती है, वह अपनी हार में क्या ढूँढ़ेगी?

यूपी में कांग्रेस और बसपा ने प्रत्याशी ही नहीं उतारे। दोनों ने कहा कि वे 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए संसाधन बचा रहे हैं। इसे शालीन भाषा में रणनीतिक संयम कहा जा सकता है, पर सीधी भाषा में 'जब हाथ खाली हो तो मुट्ठी बाँधने का दिखावा' भी कहते हैं। ग्यारह सीटों पर मुकाबला सीधा भाजपा बनाम सपा रहा। भाजपा ने मेरठ की दोनों सीटें, आगरा स्नातक, बरेली-मुरादाबाद शिक्षक, लखनऊ शिक्षक और गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक सहित छह जीतीं। सपा को वाराणसी स्नातक, वाराणसी शिक्षक, इलाहाबाद-झाँसी स्नातक, लखनऊ स्नातक और आगरा-अलीगढ़ शिक्षक मिलीं। गौर करने की बात है कि वाराणसी शिक्षक में लाल बिहारी यादव प्रधानमंत्री के अपने संसदीय क्षेत्र में सीट बचा ले गए। यह बढ़त नहीं, पकड़ थी, और पकड़ वही बनती है जहाँ संगठन पहले से मौजूद हो। लखनऊ स्नातक में कांति सिंह पटेल ने भाजपा के परिषद सदस्य अवनीश कुमार सिंह को हराकर बता दिया कि राजधानी की हवा भी स्थायी नहीं होती।

कर्नाटक में कांग्रेस की कठिनाई भौगोलिक नहीं रहती, संरचनात्मक हो जाती है। उप मुख्यमंत्री से मुख्यमंत्री बने डीके शिवकुमार के नेतृत्व में, विधानसभा में पूर्ण बहुमत के बावजूद, पार्टी चारों परिषद सीटें हार गई। तीन सीटें भाजपा ने जीतीं: उत्तर-पूर्व शिक्षक, जो कलबुर्गी यानी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के गृह-जनपद से होकर गुजरती है, पश्चिम स्नातक और दक्षिण-पूर्व स्नातक। चौथी सीट का विशेष महत्व है। बेंगलुरु शिक्षक में जद(एस) के एपी रंगनाथ ने कांग्रेस के मौजूदा सदस्य पुट्टण्णा को 908 मतों से हराया, 10,810 बनाम 9,902। बिहार में तस्वीर और तीखी है। दरभंगा शिक्षक में प्रशांत किशोर के जन सुराज के सुरेश प्रसाद राय ने कांग्रेस के निवर्तमान सदस्य मदन मोहन झा को 324 मतों से पराजित किया, 2,574 बनाम 2,187, जबकि माकपा के रामदेव राय को 1,498 मत मिले। जिस दल के पास विधायिका में उपस्थिति नहीं, कैडर की कोई पुरानी पूंजी नहीं, उसने अपने पहले ही परिषद चुनाव में एक पुराने खिलाड़ी की कुर्सी खिसका दी। बिहार की आठ सीटों में राजग को चार मिलीं, राजद ने पटना शिक्षक में भाजपा के एक वरिष्ठ नेता को पछाड़ा, दो निर्दलीय जीते, और कांग्रेस के हिस्से कुछ नहीं आया।

महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी ने तीन, भाजपा ने एक और शिवसेना ने एक सीट जीती। राकांपा (शरदचंद्र पवार) ने पुणे स्नातक भाजपा से छीना और छत्रपति संभाजीनगर स्नातक में निवर्तमान सदस्य सतीश चव्हाण को हरा दिया। पुणे शिक्षक में भाजपा के कौस्तुभ गावड़े ने कांग्रेस के जयंत आसगावकर को गिरा दिया। नागपुर की कांग्रेसी जीत असली थी, पर संकरी। हस्तांतरित मतों की गिनती में वांजरी को 10,601 की बढ़त मिली, जो स्वतंत्र प्रत्याशी कराले के प्रथम-वरीयता मतों का लगभग 44 प्रतिशत है, और कोहले पर जीत 3,271 मतों की रही। 'नागपुर अब भाजपा का गढ़ नहीं' वाला दावा इकतालीस घंटे की गिनती के बाद विजेता की स्वाभाविक वाणी है, और शायद सच भी हो। पर यह एक सीट है, जो एक एक मौजूदा सदस्य ने व्यक्तिगत पकड़ और वरीयता-गणित से जीती, उसी राज्य में जहाँ कांग्रेस का अपना एक निवर्तमान सदस्य दूसरी जगह हार गया।

इन अट्ठाइस सीटों से जितना सिद्ध होता है, उतना ही नहीं भी होता। यह भाजपा पर राष्ट्रीय जनादेश नहीं है। उसने लखनऊ स्नातक और आगरा-अलीगढ़ शिक्षक गँवाए, पुणे स्नातक और संभाजीनगर गँवाए, और महाराष्ट्र में सत्ताधारी गठबंधन पाँच में से केवल दो जीत पाया। फिलवक्त फैसला कांग्रेस पर है, और वह 'सत्ता-विरोधी लहर' जैसे सुविधाजनक शब्द से कहीं अधिक विशिष्ट है। जहाँ कांग्रेस का वोट था, वहाँ उसे वह दल ले गया जिसकी स्थानीय मशीनरी बेहतर थी, उत्तर प्रदेश में सपा, बिहार में जन सुराज, महाराष्ट्र में राकांपा (श.प.) और शिवसेना, कर्नाटक में जद(एस)। कांग्रेस हारी कम है, हटाई ज्यादा गई है। स्नातकों और शिक्षकों का पंजीकरण घर-घर जाकर करने जैसा नीरस, अनाकर्षक काम अब दूसरे कर रहे हैं। राहुल गांधी और कांग्रेस के लिए प्रश्न यह नहीं कि कांग्रेस क्यों हारती है, बल्कि यह कि हारने पर विजेता लगभग कभी भाजपा नहीं, बल्कि कोई ऐसी क्षेत्रीय पार्टी क्यों होती है जो जमीन पर ज्यादा तैयार थी। तो अब सवाल भी वही है : मतदान-केंद्र पर कौन बैठा था, और अगर कांग्रेस नहीं, तो फिर वह लोकतंत्र की किस बिसात पर किसके भरोसे खेल रही है?

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं राजनैतिक विश्लेषक हैं।)

अंकोरवाट मंदिर



कंबोडिया का विश्वप्रसिद्ध अंकोरवाट मंदिर अपनी भव्य स्थापत्य कला और विशाल परिसर के लिए विख्यात है। 12वीं शताब्दी में निर्मित इस मंदिर की ऊँची मीनारें, कमलाकार शिखर और पत्थरों पर उकेरी गईं सूक्ष्म कलाकृतियाँ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती हैं। विशाल जलपरिखा और मुख्य मार्ग से होते हुए केंद्रीय गर्भगृह तक पहुंचना एक अविस्मरणीय अनुभव है। हिंदू देवी-देवताओं, ऐतिहासिक युद्धों तथा स्वर्ग-नरक के दृश्यों को दर्शाती शिल्पकला इसकी सांस्कृतिक समृद्धि का परिचय देती है।

सोशल मीडिया से ... X

❖ जनता ने जब से लोकतंत्र और संविधान के चोरों को वोट करना बन्द कर दिया है, तब से इन्होंने वोट चोरी का आरोप लगाना शुरू कर दिया है।

■ अनुराग ठाकुर, सांसद भाजपा

❖ व्यापारियों की लाख मिन्नतों को कोहनी मारकर भी 1 नवंबर को रैली ऐसे की गई मानो 2 नवंबर को ज्ञानेश कुमार का इस्तीफ़ा हो जाएगा। हुआ क्या? दस लाख तो दूर एक लाख की भीड़ भी ना जुटी और ज्ञानेश कुमार आज भी अपने दफ्तर में बैठकर काम कर रहे। अच्छा मौक़ा था कि दस दिन के लिए रैली टाल कर जनहित में फ़ैसले लेने वाले नेता की छवि बनायी जा सकती थी।

■ सुशांत सिन्हा , पत्रकार ,एंकर

❖ नेतृत्व 'विहीन' विपक्ष को आज प्रियंका गांधी के रूप में एक नया नेता मिल सकता था, लेकिन 'कमबख़्तों' ने उन्हें बोलने का मौक़ा भी नहीं दिया, जब कि लोग सुनना चाहते थे, प्रतिभाओं का दमन तुम्हारे 'पतन' का एक मुख्य कारण है।

■ आचार्य प्रमोद कृष्णम

❖ जब तक अपनी ज़िंदगी को दूसरों की नज़रों से देखते रहोगे, दूसरों से तारीफ सुनकर खुश होते रहोगे, जीवन का असली आनंद क्या है, ये नहीं जान पाओगे।

■ रजत शर्मा पत्रकार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक ''इंडिपेंडेंट भारत'' स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक जगदीश शर्मा, शर्मा प्रिन्टिग प्रेस रामपुर बगहा पो० लक्ष्मीगंज जनपद कुशीनगर उ० प्र० 274306 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
मोबाईल न०-90261 11001 संपादक जगदीश शर्मा प्रबंध संपादक मयंक कुमार सिंह Title code-UPHIN49987 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कुशीनगर होगा।

इंस्टा धमाल



संदीपा धर ने बेहद आकर्षक तस्वीर इंस्टाग्राम पर डाली। उनकी खूबसूरती ने किया फैंस को मंत्रमुग्ध।



स्विम सूट पहनकर अवनीत ढिल्लों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट की तस्वीर। फैंस हुए दीवाने।



मालविका मोहनन ने एक ब्यूटीफुल तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर खूब वाहवाही बटोरी।



डायना पेंटी दिखीं बेहद आकर्षक।

दैनिक सवेरा टाइम्स एंड मीडिया नैटवर्क प्रकाशित फीचर सामग्री की प्रामाणिकता की अक्षरशः पुष्टि नहीं करता एवं इसके लिए उत्तरदायी नहीं है।

अच्छी लड़की का किरदार करके थक गई हैं कृति

आपको शुरुआत से ही सभी अच्छे मौके नहीं मिल जाते। काफी लंबे समय तक किरदार 'गुड गर्ल' वाले होते थे। लंबे वक्त तक महिलाओं को पुरुषों के नजरिए से देखा गया। वह 'सती-सावित्री' है, अच्छी लड़की है, शर्मीली है और उसे गुंडों से बचाने की जरूरत है। वह कभी कुछ गलत नहीं करती'। कृति सेनन ने कहा कि वह पर्दे पर 'गुड गर्ल' यानी अच्छी लड़की का रोल अदा करके थक गईं। अब वो कुछ नया और अलग करना चाहती हैं।

कृति सेनन ने करीना कपूर के शो 'व्हाट वीमेन वॉन्ट' पर शिरकत की। एक्ट्रेस ने करीना के शो पर अपने आउटफिट को लेकर विवाद और करियर के बारे में खुलकर बात की। कृति सेनन ने बताया कि करियर की शुरुआत में उन्हें सिर्फ एक ही तरह के रोल्स ऑफर होते थे और अब वो कुछ अलग करना चाहती हैं।

कृति सेनन ने होस्ट करीना कपूर को बताया कि जब उन्होंने साल 2014 में 'हीरोपंती' से डेब्यू किया था तो उन्हें बहुत ऑफर नहीं मिलते थे। वह कहती हैं कि ऐसा नहीं है कि शुरुआत से ही आपको बहुत सारे ऑफर्स मिलने लगते हैं। कृति ने बताया कि शुरुआत में उन्हें जो गिने-चुने रोल्स मिलते थे उसमें वह सबसे अच्छा रोल चुनने की कोशिश करती थीं।

करीना ने उनसे पूछा कि अब वह किस तरह की भूमिका करना चाहती हैं, जो उन्हें उनके कंफर्ट जोन से बाहर ले जाए। इस सवाल के जवाब में कृति ने अपने शुरुआती दिनों को याद किया। उन्होंने बताया कि जब वह फिल्म इंडस्ट्री में नई थीं, तब उनके पास बहुत सारे शानदार विकल्प नहीं हुआ करते थे। उन्हें जो किरदार ऑफर होते थे, उनको उन्हीं में से बेहतर विकल्प चुनना पड़ता था।

कृति ने कहा, 'आपको शुरुआत से ही सभी अच्छे मौके नहीं मिल जाते। काफी लंबे समय तक किरदार 'गुड गर्ल' वाले होते थे। लंबे वक्त तक महिलाओं को पुरुषों के नजरिए से देखा गया। वह 'सती-सावित्री' है, अच्छी लड़की है, शर्मीली है और उसे गुंडों से बचाने की जरूरत है। वह कभी कुछ गलत नहीं करती'। कृति सेनन ने कहा कि वह पर्दे पर 'गुड गर्ल' यानी अच्छी लड़की का रोल अदा करके थक गईं। अब वो कुछ नया और अलग करना चाहती हैं। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि अब फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के लिए अच्छे रोल्स लिखे जा रहे हैं।

कृति सेनन का कहना है कि मेकर्स अब महिलाओं के लिए अच्छे की जगह रियल किरदार लिखने पर फोकस कर रहे हैं। वह अब ऐसे किरदार लिख रहे हैं जो ज्यादा रियल लगें। उन्होंने अपनी फिल्म 'तीन पत्ती' का जिक्र करते हुए कहा कि अब वो कुछ नेगेटिव और ग्रे टाइप के किरदार अदा करना चाहती हैं।

अपने करीब 12 साल के फिल्मी करियर में कृति सेनन ने अलग-अलग किरदारों के जरिए बार-बार अपने अभिनय का लोहा मनवाया है। उन्हें 'मिमी' में शानदार अभिनय के लिए नैशनल अवॉर्ड भी मिला था। इसके अलावा वह 'बरेली की बर्फी', 'दिलवाले', 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' और 'क्रू' जैसी सफल फिल्मों का हिस्सा रह चुकी हैं।

होमी अदजानिया के निर्देशन में बनी 'कॉकटेल 2' में भी कृति की परफॉर्मेंस को दर्शकों और समीक्षकों से सराहना मिली। 'कॉकटेल 2' में कृति सेनन के अभिनय के साथ ही उनके हॉट एंड सिजलिंग लुक ने भी खूब सुर्खियां बटोरी थीं।

'बेपरवाह' में अहान-शरवरी





अहान पांडे ने पिछले साल अनीत पड्डा के साथ 'सैयारा' से बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म को यशराज के बैनर तले बनाया गया था। अहान पांडे एक बार फिर यशराज फिल्म्स का हिस्सा बनने जा रहे हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म 'बेपरवाह' की पहली झलक देख फैंस को 'सैयारा' की याद आ रही है। इस फिल्म में अहान पांडे और शरवरी लीड रोल में नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर कर रहे हैं, जबकि यशराज फिल्म्स के प्रमुख आदित्य चोपड़ा इसके निर्माता हैं।

'बेपरवाह' की सामने आई पहली झलक

मेकर्स ने 'बेपरवाह' के टाइटल की घोषणा एक टीजर पोस्टर के साथ की है। खास बात यह है कि फिल्म की सिनेमाघरों में रिलीज से ठीक पांच महीने पहले इसका टाइटल दर्शकों के सामने लाया गया है। पोस्टर सामने आने के साथ ही अहान और शरवरी की नई जोड़ी को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है।

पोस्टर देखकर याद आई सैयारा

अहान पांडे और शरवरी की अपकमिंग फिल्म 'बेपरवाह' एक इंटेंस रोमांस एक्शन फिल्म होगी। इसके पोस्ट में अहान पांडे हाथ में बंदूक और शरवरी हाथ में गिटार थामे दिख रही है। पोस्टर काफी हद तक सैयारा की याद दिला रहा है।

अनीत पड्डा ने लुटाया प्यार


'बेपरवाह' में अहान पांडे और शरवरी पहली बार किसी फिल्म में एक-दूसरे के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। 'सैयारा' से चर्चा में आए अहान के लिए यह फिल्म उनके करियर का एक और बड़ा प्रोजैक्ट है। वहीं शरवरी भी पिछले कुछ समय से अलग-अलग फिल्मों और किरदारों के जरिए अपनी पहचान मजबूत कर रही हैं। 'बेपरवाह' का पोस्टर देख अनीत पड्डा ने अपना उत्साह जाहिर किया। फिल्म को रोमांटिक एक्शन-ड्रामा बताया जा रहा है। ऐसे में दर्शकों को अहान और शरवरी की लव स्टोरी के साथ बड़े एक्शन सीक्वेंस भी देखने को मिल सकते हैं।

अगले साल रिलीज होगी फिल्म

'बेपरवाह' की एक और खास बात अली अब्बास जफर की यशराज फिल्म्स में वापसी है। अली इससे पहले इस प्रोडक्शन हाउस के साथ कई बड़े प्रोजैक्ट पर काम कर चुके हैं। उन्होंने सलमान खान स्टारर 'सुल्तान' और 'टाइगर जिंदा है' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों का निर्देशन किया था। दोनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया था। आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित 'बेपरवाह' 26 मार्च 2027 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।

'किंग' का हिस्सा बने अभय वर्मा

थ्रिलर वेब सीरीज़ 'द फ़ैमिली मैन' (2021) के दूसरे सीज़न में मनोज बाजपेयी के साथ एक छोटे से किरदार में उन्हें पहचान मिली। जी5 पर रिलीज फ़िल्म 'सफ़ेद' (2023) में वह एक ट्रांसजेंडर की मुख्य भूमिका में थे।



फिल्म 'मुंज्या' (2024) और वेब सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' (2026) की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद उभरते हुए युवा सितारे अभय वर्मा इन दिनों अपनी शानदार अदाकारी और बड़े प्रोजैक्ट्स को लेकर सुर्खियों मे छाये हुए हैं। शाहरुख खान और निर्देशक सिद्धार्थ आनंद की मेगा बजट एक्शन थ्रिलर फिल्म 'किंग' पर हर किसी की निगाहें टिकी हैं। ऐसे में अभय ने इस फिल्म का हिस्सा बनकर हर किसी को हैरत में डाल दिया है।

फिल्म में अभय वर्मा का एक बिल्कुल अलग और अनोखा रोल देखने को मिलने वाला है। निश्चित तौर पर यह उनके पिछले किरदारों से एकदम अलग होगा। यह फिल्म इसी साल 24 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। कहा जाता है कि शाहरुख ने जब अभय का काम देखा तब उन्होंने खुद निर्देशक सिद्धार्थ आनंद से कहा कि अमुक रोल के लिए 'मुंज्या' वाले लड़के को ले लो, वो इस रोल के लिए बहुत अच्छा रहेगा।

बचपन में टीवी पर ऋतिक रोशन के गाने कॉपी करने से लेकर फिल्म 'सुपर 30' (2019) में बैकग्राउंड जूनियर आर्टिस्ट बनने और अब सीधे शाहरुख खान और सिद्धार्थ आनंद की 'किंग' का अहम चेहरा बनने तक अभय वर्मा का यह सफर हर उस युवा के लिए मिसाल है जो सपनों के दम पर मायानगरी मुंबई में अपनी पहचान बनाने आते हैं। 27 जुलाई 1998 को हरियाणा के पानीपत में पैदा हुए अभय वर्मा ने वहां के सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की। आगे वह विज्ञान की पढ़ाई कर रहे थे, लेकिन तीन बार असफलता का सामना करने के बाद उन्होंने बीबीए में दाखिला लिया, लेकिन उन्हें लगा कि यह समय की बर्बादी है।

अभिनय में करियर बनाने के लिए वह अपने माता-पिता के साथ मुंबई आए। यहां आकर अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत उन्होंने टीवी शो 'लिटिल थिंग्स' (2019) से की। उसी साल वह फिल्म 'सुपर 30' (2019) में बैकग्राउंड जूनियर आर्टिस्ट बने। उसके बाद टीवी सीरियल 'मर्ज़ी' (2020) में अयान के किरदार में नज़र आए।

इसी के साथ वह टीवी विज्ञापनों में भी काम करते रहे। थ्रिलर वेब सीरीज़ 'द फ़ैमिली मैन' (2021) के दूसरे सीज़न में मनोज बाजपेयी के साथ एक छोटे से किरदार में उन्हें पहचान मिली। जी5 पर रिलीज फ़िल्म 'सफ़ेद' (2023) में वह एक ट्रांसजेंडर की मुख्य भूमिका में थे। अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज बायोग्राफिकल ड्रामा फिल्म 'ऐ वतन मेरे वतन' (2024) में वह सारा अली खान के अपोजिट नजर आए।

मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की चौथी कॉमेडी-हॉरर फ़िल्म 'मुंज्या' (2024) में बिट्टू की मुख्य भूमिका से उन्हें बड़ी सफलता मिली। साल 2024 की 8वीं सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली इस फिल्म में वह एक ऐसे युवा के मुख्य किरदार में थे जो एक राक्षस से डरा हुआ है। अभय वर्मा शाहरुख के साथ 'किंग' के अलावा राशा थडानी के साथ रोमांटिक एक्शन फिल्म 'लाइकी लाइका' और शनाया कपूर के साथ शुजात सौदागर की अन टाइटल्ड रोमांटिक फिल्म भी कर रहे हैं।

CINEMA & OTT
मूवीज और वैब सीरीज का तड़का

नखरेवाली



ICINEMA

नखरेवाली मनोरंजक अंदाज में महिलाओं की सुरक्षा और समाज में गहराई से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करती है। यह फिल्म ऐसे अहम मुद्दों को एक ऐसी कहानी में पिरोती है जो दिलचस्प होने के साथ-साथ सोचने पर भी मजबूर करती है।
रिलीज डेट: 30 अक्तूबर, 2026
स्टारकास्ट: अंश, प्रगति आदि।

मीठे में क्या है



NETFLIX

इसमें संयुक्त परिवार और उनके बीच के चैलेंज और सपोर्ट सिस्टम को बखूबी दिखाया गया है। अगर आपको फैमिली ड्रामा से भरपूर किसी फिल्म का इंतजार है, तो यह शानदार विकल्प है।
रिलीज डेट: 30 अक्तूबर, 2026
स्टारकास्ट: ऋत्विक भौमिक, रोहिणी हट्टंगड़ी, आयशा रजा मिश्रा आदि।


इमोर्टल



SONY LIV

यह एक तमिल भाषा की हॉरर-रोमांटिक फिल्म है, जो 04 सितंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। ओटीटी पर यह तमिल के अलावा हिंदी, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में भी उपलब्ध होगी।
रिलीज डेट: 30 अक्तूबर, 2026
स्टारकास्ट: जी.वी. प्रकाश कुमार, कायादु लोहार, टी.एम. कार्तिक आदि।

पायरे



ICINEMA

विनोद कापड़ी द्वारा निर्देशित हिंदी-कुमाऊंनी फिल्म 'पायर' उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्र में रहने वाले एक बुजुर्ग दंपति-पदम सिंह (बूबू) और तुलसी (आमा)-की मर्मिक और सच्ची घटनाओं पर आधारित कहानी है।
रिलीज डेट: 30 अक्तूबर, 2026
स्टारकास्ट: पदम सिंह, तुलसी आदि।

बत्था



NETFLIX

सुपरस्टार विजय सेतुपति की फिल्म 'बत्था' भी इस वीक ओटीटी पर आ रही है। एक महीने से भी कम वक्त में यह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आ रही है। 'बत्था' को तमिल, तेलुगू, कन्नड़, हिंदी और मलयालम में रिलीज किया जाएगा।
रिलीज डेट: 29 अक्तूबर 2026
स्टारकास्ट: विजय, लिजोमोल आदि।

अक्का



NETFLIX

यह 1980 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित गैंगस्टर ड्रामा है। इसकी कहानी पेरनुरु नाम की एक रियासत में सेट है, जिसे कई पीढ़ियों की महिलाओं ने सुरक्षित रखा है। परंपराएं और आपसी दुश्मनी इसकी कहानी का अहम हिस्सा हैं।
रिलीज डेट: 30 अक्तूबर 2026
स्टारकास्ट: कीर्ति, राधिका आदि।

लव स्टोरी अभिमन्यु की



ICINEMA

यह फिल्म प्यार, एक्शन और सामाजिक-पारिवारिक संघर्षों की कहानी है। इसमें अभिमन्यु नाम के एक आशिक की प्रेम कहानी दिखाई गई है जो अपनी मोहब्बत को पाने के लिए समाज और परिवार की दीवारों से बगावत करता है।
रिलीज डेट: 30 अक्तूबर, 2026
स्टारकास्ट: विशाल, प्रगति आदि।

Happy Birthday



29 अक्तूबर कृति खरबंदा



30 अक्तूबर अनन्या पांडे



01 नवम्बर ऐश्वर्य राय बच्चन



02 नवम्बर शाहरुख खान

संक्षिप्त समाचार

संगरूर में पराली जलाने की घटनाओं में उछाल, प्रशासन के दावों पर उठे सवाल



चंडीगढ़। पंजाब के संगरूर जिले में धान की कटाई के साथ ही पराली जलाने की घटनाओं में एक बार फिर तेजी देखने को मिल रही है। प्रशासन की ओर से पराली प्रबंधन के लिए किए जा रहे इंतजामों और जागरुकता अभियानों के बावजूद खेतों में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। 31 अक्टूबर 2026 को सैटेलाइट के जरिए संगरूर जिले में करीब 32 खेतों में आग लगने की घटनाएं दर्ज की गईं। इनमें से करीब 13 घटनाएं मालेरकोटला जिले में सामने आईं। वहीं, पूरे पंजाब में लगभग 50 घटनाओं के साथ तरनतारन पहले और संगरूर दूसरे स्थान पर रहा। संगरूर के एक गांव से सामने आई ड्रोन तस्वीरों ने पराली जलाने की समस्या की गंभीरता को उजागर किया है। ड्रोन कैमरे से ली गई इन तस्वीरों में खेतों के अलग-अलग हिस्सों में पराली जलती दिखाई दे रही है। कई स्थानों से धुएं के गुबार उठते साफ नजर आ रहे हैं।

रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने पेश किए बिस्किट के नौ नए वेरिएंट



चेन्नई। रिलायंस इंडस्ट्रीज की एफएमसीजी कंपनी रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने सोमवार को अपने 'इंडिपेंडेंस' बिस्किट पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए नौ नये वेरिएंट पेश करने की घोषणा की। कंपनी ने बताया कि इससे रोजमर्रा की खपत और खास मौकों के लिए उसके उत्पादों की रेंज और मजबूत हो गई है। यह नयी रेंज सोमवार से तमिलनाडु में उपलब्ध कराई गई है। इस पोर्टफोलियो में शामिल होने वाले नये वेरिएंट हैं - 'इंडिपेंडेंस पावर अप', 'इंडिपेंडेंस बटर ब्लिस', 'इंडिपेंडेंस मिल्की पावर', 'इंडिपेंडेंस मैरी प्राइम', 'इंडिपेंडेंस कोको वैनिला एंड चॉकलेट', 'इंडिपेंडेंस क्रेमयम ऑरेंज', 'इंडिपेंडेंस क्रेमयम चोको', 'इंडिपेंडेंस कोको बॉर्बन' और 'इंडिपेंडेंस ग्लूकोज बूस्ट'। ये पांच रुपये के ट्रायल पैक, 10 रुपये के शेयरिंग पैक और 40 से 125 रुपये के बीच की कीमत वाले बड़े होम पैक में उपलब्ध होंगे।

बासमती धान के भाव में जबरदस्त उछाल

नई दिल्ली। देशभर के प्रमुख बासमती धान उत्पादक राज्यों की मंडियों में भाव में तेजी बनी हुई है, जिससे किसानों को अपनी फसल पर अच्छा मुनाफा मिल रहा है। हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अक्टूबर के चौथे हफ्ते में बासमती की कई किस्मों के भाव में पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 40 से 59 प्रतिशत तक बढ़त दर्ज की गई है, जबकि उत्तर प्रदेश में सामान्य बासमती के भाव में हालिया गिरावट दर्ज की गई है।

कच्चे तेल में नरमी और रिलायंस की शानदार तेजी से शेयर बाजार में बहार

सेंसेक्स 1,233 अंक उछला, निफ्टी 23,440 के पार

■ मुंबई

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में नरमी से घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लिवाली का जोर रहा और बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,200 अंक से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुआ।सेंसेक्स सुबह 719 अंक ऊपर 75,178 अंक पर खुला था। कारोबार की समाप्ति तक 1,233.25 अंक (1.66 प्रतिशत) की मजबूती के साथ 75,692.78 अंक पर पहुंचने के बाद उसी स्तर पर बंद हुआ। यह इस साल 07 सितंबर के बाद का इसका उच्चतम स्तर है।नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी-50 सूचकांक का ग्राफ भी लगभग इसी तरह रहा। यह 387.70 अंक यानी 1.66 प्रतिशत ऊपर 23,440 अंक पर बंद हुआ। यह निफ्टी-50 का 23 सितंबर के बाद का उच्चतम स्तर है।

मजबूत तिमाही परिणाम के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में 11 प्रतिशत से अधिक का उछाल देखा गया। कच्चे तेल का ब्रेंट क्रूड वायदा सवा चार प्रतिशत से अधिक टूटकर फिलहाल 108.5 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। इससे घरेलू बाजार में निवेश धारणा मजबूत हुई है। साथ ही कंपनियों के अच्छे तिमाही परिणाम का असर भी बाजार में दिख रहा है। वृहत बाजार में भी सभी सूचकांक हरे निशान में रहे। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.24 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.71 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ।

सेक्टर आधारित सूचकांकों में तेल एवं गैस सेक्टर में सबसे ज्यादा 5.95 प्रतिशत की तेजी देखी गई। धातु समूह का सूचकांक 3.21 फीसदी, सीमेंट का 2.92, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद का 2.70, रसायन का 1.71, ऑटो का 1.33 और रियल्टी का 1.03 प्रतिशत ऊपर रहा। सुबह बढ़त में रहने के बाद बाद में आईटी, मीडिया और फार्मा सेक्टरों के सूचकांक अंत में गिरावट में रहे। एनएसई में जिन 3,713 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,445 के शेयर ऊपर और 1,164 के गिरावट में रहे। अन्य 104 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे।सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 23 के शेयरों में तेजी रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 11.64 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। टाटा स्टील में 5.64 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट में 2.75, भारतीय स्टेट बैंक में 2.71, एनटीपीसी में 2.37, मारुति सुजुकी में 2.16, बजाज फाइनेंस में 2.02 और एलएंडटी में दो प्रतिशत की तेजी रही।

बीईएल का शेयर 1.91 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 1.72, एशियन पेंट्स का 1.43, बजाज फाइनेंस का 1.27, इंडिगो का 1.21 और एचडीएफसी बैंक का 1.04 प्रतिशत ऊपर रहा। महिंद्रा एंड महिंद्रा, ट्रेंट, भारती एयरटेल, पावरग्रिड, टाइटन और अडानी पोर्ट्स के शेयर भी हरे निशान में रहे। इंफोसिस में सबसे अधिक 1.61 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, एक्सिस बैंक और टेक महिंद्रा के शेयर भी लाल निशान में रहे।



चीन और यूरोपीय बाजारों में तेजी, जापान का निक्केई फिसला | वैश्विक स्तर पर एशिया में चीन का शंघाई कंपोजिट 1.08 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.42 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। जापान का निक्केई 0.33 फीसदी टूट गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.31 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.07 प्रतिशत ऊपर था।

रुपया 21 पैसे की गिरावट के साथ 94.97 डॉलर पर खुला

सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को रुपया शुरुआती कारोबार में 21 पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.97 पर पहुंच गया। विदेशी बाजारों में अमेरिकी डॉलर की बढ़ती मांग से घरेलू मुद्रा पर दबाव है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि घरेलू बाजारों में तेजी और कच्चे तेल की कीमतों में थोड़ी नरमी से रुपये को निचले स्तर पर थोड़ा समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.90 प्रति डॉलर पर खुला। फिर लुढ़ककर 94.97 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 21 पैसे की गिरावट है।

भारत का तेल आयात रिकॉर्ड स्तर पर, 56 लाख बैरल प्रतिदिन रहा

■ भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद पश्चिम एशिया और रूस से कच्चे तेल की खरीद बढ़ाई

■ नई दिल्ली



अक्टूबर महीने में भारत का कच्चे तेल का आयात अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है, जो लगभग 56 लाख बैरल प्रतिदिन रहा। ऊर्जा क्षेत्र की आसूचना कंपनी केप्लर के आंकड़ों के अनुसार, भारतीय रिफाइनरी इकाइयों ने भू-राजनीतिक चुनौतियों और वैश्विक अस्थिरता के बावजूद पश्चिम एशिया और रूस से अपनी खरीद में उल्लेखनीय वृद्धि की है, जिससे देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। बाजार विश्लेषकों के मुताबिक, अक्टूबर में पश्चिम एशिया से भारत को करीब 23 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चे तेल की आपूर्ति हुई, जबकि रूस से आयात लगभग 20 लाख बैरल प्रतिदिन के स्तर पर स्थिर रहा। यह खरीद उस रणनीतिक पहल का हिस्सा है जिसके तहत भारतीय रिफाइनरियां अपनी आपूर्ति को विविध स्रोतों से सुनिश्चित कर रही हैं। जहाज से जहाज के बीच तेल हस्तांतरण बढ़ने से होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आवाजाही सुगम हुई, जिससे भारतीय रिफाइनरियों को खरीद के अधिक विकल्प मिले। हालांकि, आगामी महीनों में रूस से तेल की आपूर्ति में कुछ कमी आने की आशंका है। काला सागर क्षेत्र में हमलों के कारण माल ढुलाई की लागत बढ़ रही है, जिससे रुसी कच्चा तेल भारतीय खरीदारों के लिए महंगा पड़ सकता है।

इसी बीच, खाड़ी देशों के आपूर्तिकर्ता भारतीय बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए प्रतिस्पर्धी कीमतें पेश कर रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि होर्मुज जलडमरूमध्य से आपूर्ति फिर बाधित होती है, तो भारतीय कंपनियां बढ़ी लागत के बावजूद रुसी तेल की ओर रुख कर सकती हैं। 16 अक्टूबर को मिली ग्राहम अधिनियम छूट भी कुछ भारतीय खरीदारों के लिए रूसी तेल खरीद से जुड़े जोखिमों को कम कर सकती है।

सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट जारी

सोना 2530 रु. घटकर 1,38,000 रु. प्रति 10 ग्राम व चांदी 1,80,000 रु. प्रति किलोग्राम पर रही

■ नई दिल्ली

पिछले सप्ताह की बड़ी गिरावट के बाद सोने और चांदी की कीमतों में फिर कमी आई है। सोमवार के कारोबारी दिन 2 नवंबर को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोना 2530 रुपए के घटने के साथ 1,38,000 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी 1372 रुपए घटकर 1,80,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इंटरनेशनल मार्केट में भी कीमती धातुओं में मजबूती देखी गई। कॉमेक्स पर सोना 0.24 फीसदी बढ़कर 3908.30 डॉलर प्रति औंस और चांदी 1.52 फीसदी की तेजी के साथ 50.025 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करती दिखी। हालांकि, इससे पहले शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 3,200 रुपए गिरकर 10 महीने के निचले स्तर 1.42 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई थी। वैश्विक बाजारों में भारी बिकवाली के बीच लगातार दूसरे सत्र में यह गिरावट जारी रही। चांदी भी 4,200 रुपए टूटकर 1,86,000 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई थी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार यह सोने के लिए 26 दिसंबर, 2025 और चांदी के लिए 8 दिसंबर, 2025 के बाद का न्यूनतम स्तर था।



विदेशी ऑर्डर के दम पर अक्टूबर में विनिर्माण क्षेत्र का मजबूत प्रदर्शन

■ मुंबई

विदेशों से मिले नये ऑर्डर बढ़ने से घरेलू विनिर्माण क्षेत्र में तेजी का क्रम अक्टूबर में भी जारी रहा हालांकि सितंबर की तुलना में इसकी रफ्तार कुछ कम हुई है। उत्पादन, ऑर्डर और मुद्रास्फीति जैसे मानकों पर माह-दर-माह गतिविधियों को मापने वाला एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) अक्टूबर में 54.7 रहा। सूचकांक का 50 से ऊपर रहना वृद्धि को दिखाता है। सितंबर में यह 55.1 रहा था।

भारत में एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि सितंबर की तुलना में कम रहने के बावजूद अक्टूबर में विनिर्माण क्षेत्र का विस्तार हुआ है। सूचकांक अपने दीर्घावधि औसत से ऊपर रहा है। उन्होंने कहा, 'मजबूत अंतरराष्ट्रीय मांग से निर्यात के नये ऑर्डर छह महीने के उच्चतम स्तर पर रहे। इससे उत्पादन में मजबूत वृद्धि देखी गई। उत्पादकों ने उथल-पुथल भरे वैश्विक माहौल में कच्चे माल के भंडार में भी आठ महीने की सबसे तेज बढ़ोतरी की ताकि आने वाले समय में इसकी कमी की आशंका न रहे।

नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी एसएईएल ने शुरू की धान की पराली की खरीद

■ बिजली उत्पादन के लिए 20 लाख टन कृषि अपशिष्ट खरीदने का लक्ष्य

■ नई दिल्ली



नवीकरणीय स्रोतों से बिजली उत्पादन के क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी एसएईएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एसएईएल) ने कृषि अपशिष्ट को ईंधन के रूप में इस्तेमाल करने वाले अपनी विद्युत इकाइयों के लिए इस साल धान कटाई सत्र में लगभग 20 लाख टन धान की पराली की खरीद का अपना एक बड़ा कार्यक्रम शुरू किया है। कंपनी के एक प्रवक्ता ने बताया कि पराली की खरीद पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के किसानों से की जा रही है। कंपनी को ओर से कहा गया है कि यह पराली कृषि के कूड़े करकट से बिजली उत्पादन करने वाले 11 ऊर्जा संयंत्रों में ईंधन के रूप में उपयोग की जाएगा। इन संयंत्रों की कुल क्षमता 164.9 मेगावाट है। कंपनी का कहना है कि उसके इन प्रयासों से वह देश को स्वच्छ ऊर्जा की ओर ले जाने के प्रयास में मदद के साथ साथ खेतों में पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण को घटाने में योगदान दे रही है। इससे किसानों की आय भी बढ़ती है।

एसएईएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं कार्यकारी निदेशक लक्षित अवला ने कहा, ' भारत अब धान की पराली और अन्य फसल अवशेषों को केवल एक मौसमी वेस्ट मैनेजमेंट समस्या के रूप में देखने के नजरिए से आगे बढ़ने लगा है। हम किसान समुदायों को पराली प्रबंधन के बेहतर तरीके अपनाने और इससे असली आर्थिक फायदा उठाने में मदद जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पंजाब, राजस्थान और हरियाणा में हमारे एग्री वेस्ट-टु-एनर्जी प्लांट्स अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक असर डाल रहे हैं।

अक्टूबर में हर दिन हुआ एक लाख करोड़ से अधिक डिजिटल लेन-देन

■ नई दिल्ली

देश में डिजिटल पेमेंट के मामले में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ने एक नया मुकाम हासिल कर लिया है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर महीने में यूपीआई के जरिए होने वाला रोजाना का औसत लेनदेन पहली बार 1 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। त्योहारी सीजन में लोगों की तरफ से की गई जमकर खरीदारी को इस बड़ी उछाल की मुख्य वजह माना जा रहा है। ये पहली बार है जब किसी एक महीने में कुल लेनदेन का आंकड़ा 30 लाख करोड़ रुपये की सीमा को पार करते हुए 31.53 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

अक्टूबर से पहले रोजाना के औसत लेनदेन का सबसे बड़ा रिकॉर्ड सितंबर 2026 में बना था। उस समय हर दिन औसतन करीब 98,000 करोड़ रुपये का ट्रांजैक्शन दर्ज किया गया था। वहीं पूरे महीने के कुल लेनदेन मूल्य की बात करें, तो पिछला सर्वोच्च रिकॉर्ड मई 2026 के नाम था, जब एक महीने में 29.9 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ था। अब अक्टूबर के आंकड़ों ने इन दोनों पुराने रिकॉर्ड्स को पीछे छोड़ दिया है। संख्या के हिसाब से भी अक्टूबर का महीना सबसे आगे रहा। इस पूरे महीने में कुल 25.47 अरब (2,547 करोड़) ट्रांजैक्शन प्रोसेस किए गए। यानी देश में हर दिन औसतन 82.1 करोड़ (821 मिलियन) बार यूपीआई का इस्तेमाल कर पैसे भेजे गए। इससे पहले सितंबर में रोजाना औसतन 80.2 करोड़ ट्रांजैक्शन का रिकॉर्ड था, जबकि एक महीने में सबसे ज्यादा 24.5 अरब ट्रांजैक्शन का पिछला रिकॉर्ड अगस्त में दर्ज किया गया था।



एमडीआर पर रोक का दिखा असर

यूपीआई के इस्तेमाल में ये रिकॉर्डतोड़ तेजी ऐसे वक्त में आई है, जब पेमेंट सेक्टर कुछ खास यूपीआई ट्रांजैक्शन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू करने की तैयारी कर रहा है। पिछले महीने ही एनपीसीआई ने इस चार्ज को लागू करने का फैसला दिवाली के बाद तक के लिए टाल दिया था। दिवाली नवंबर के दूसरे हफ्ते में है। दरअसल, व्यापारिक संगठनों, फिनटेक कंपनियों व पेमेंट संस्थाओं ने त्योहारी सेल से पहले ग्राहकों के मूड पर असर पड़ने की चिंता जताई थी। एमडीआर की दरों, नीतियों के साथ इसे लागू करने के तरीकों पर भी मतभेद थे, जिसके चलते इसे स्थगित करने की मांग की गई थी।

हुंडई का मुनाफा सालाना आधार पर 23.9 प्रतिशत घटा

■ नई दिल्ली

हाल ही में दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के नतीजे हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने जारी किए। जारी आंकडों के अनुसार, हुंडई कंपनी का मुनाफा सालाना आधार पर 23.9 प्रतिशत घटकर 1,196 करोड़ रुपए रह गया है, जो कि पिछले वर्ष की समान तिमाही में 1,572 करोड़ रुपए था। कंपनी के मुनाफे में गिरावट की वजह इनपुट लागत में बढ़ोतरी को माना जा रहा है।

स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 27 की दूसरी तिमाही में परिचालन से आय सालाना आधार पर 18.5 प्रतिशत बढ़कर 20,696 करोड़ रुपए हो गई है, जो कि पिछले वर्ष की समान तिमाही में 17,460 करोड़ रुपए थी। इस दौरान कंपनी का एबीआईटीडीए सालाना आधार पर 18.7 प्रतिशत कम होकर 1,974 करोड़ रुपए हो गया है, जो कि एक साल पहले समान अवधि में 2,428 करोड़ रुपए था। समीक्षा अवधि में कंपनी का एबीआईटीडीए मार्जिन 13.9 प्रतिशत से घटकर 9.5 प्रतिशत हो गया है। नतीजों पर कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी तरुण गर्ग ने कहा कि यह तिमाही एचएमआईएल के लिए एक मील का पत्थर साबित हुई है। इसमें रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की गई और कंपनी की शुरुआत के बाद पहली बार तिमाही राजस्व 20,000 करोड़ रुपए के पार पहुंच गया। गर्ग ने कहा, हालांकि, कच्चे माल की ऊंची लागत का असर तिमाही के मुनाफे पर पड़ा है। आगे देखते हुए, हमें उम्मीद है कि दूसरी छमाही में हमारी रफ्तार और तेज होगी। उन्होंने बताया, बायोन का लॉन्च हमारे गोल्डन प्रोडक्ट साइकिल की शुरुआत है। हम वित्त वर्ष 2027 की चौथी तिमाही में मास मार्केट के लिए एक खास ईवी लॉन्च करने की पूरी तैयारी कर चुके हैं।

भू-राजनीतिक संघर्षों के बावजूद वैश्विक व्यापार पर कम हुआ नकारात्मक असर

भारत, चीन और अमेरिका ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को किया मजबूत

■ नई दिल्ली

इस साल की शुरुआत में वैश्विक मंदी की गहरी आशंकाओं के बीच दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं ने जोरदार वापसी कर सबको चौंका दिया है। भारत, चीन और अमेरिका जैसे बड़े देशों की अनुमान से बेहतर विकास दर ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को सुस्ती से बाहर निकाला है, जिससे मंदी का जोखिम काफी कम हो गया है। इन आंकड़ों से साफ संकेत मिलता है कि भू-राजनीतिक संघर्षों के बावजूद वैश्विक व्यापार पर नकारात्मक असर कम हुआ है और दुनिया एक नई आर्थिक गति की ओर बढ़ रही है। भारत ने लगातार दूसरी तिमाही में 7.8 फीसदी की तेज विकास दर दर्ज कर दुनिया में सबसे आगे रहा है। भारत की यह वृद्धि घरेलू खपत, सरकारी निवेश और सेवा क्षेत्र की मजबूती पर आधारित है। वहीं, चीन की अर्थव्यवस्था भी जुलाई-सितंबर तिमाही में 4.5 फीसदी तक पहुंची, जो उसके निर्यात और औद्योगिक उत्पादन की ताकत को दर्शाती है। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका ने तीसरी तिमाही में 3.4 फीसदी के अनुमान से बेहतर वृद्धि हासिल की, जो मुख्य रूप से उसके मजबूत उपभोक्ता खर्च का परिणाम है।

विशेषज्ञों का मानना है कि इन तीनों देशों भारत, अमेरिका और चीन की संयुक्त मजबूती वैश्विक विकास को नई दिशा देगी। अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों ने भी अपने हालिया आंकड़ों में वैश्विक विकास बढ़ने का संकेत दिया है, जिसके तहत 2026 में 3.1 फीसदी और 2027 में 3.4 फीसदी की वृद्धि का अनुमान है। इसके साथ ही, खुदरा महंगाई में भी कमी आने की संभावना है, जो 2026 में 4.7 फीसदी से गिरकर 2027 में 4.1 फीसदी तक पहुंच सकती है। महंगाई का दबाव कम होने से विकास दर को और बढ़ावा मिलेगा।



आर्थिक आंकड़े दे रहे वैश्विक बदलाव के संकेत

वैश्विक अर्थव्यवस्था के सामने चुनौतियाँ अब भी बनी हुई हैं। अमेरिका-चीन व्यापार तनाव से दुनिया भर में व्यापार और आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हो रही है। रूस-यूक्रेन व पश्चिम एशिया जैसे भू-राजनीतिक संघर्षों से तेल की कीमतों में अस्थिरता बनी हुई है। ऊंची महंगाई अभी भी उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति को प्रभावित कर रही है, और बढ़ती ब्याज दरें सरकारी कर्ज को महंगा कर निवेश पर दबाव डाल रही हैं। इन चुनौतियों के बावजूद, वर्तमान आर्थिक आंकड़े वैश्विक दृष्टिकोण में एक सकारात्मक बदलाव का संकेत दे रहे हैं।

टाटा मोटर्स ने मात्र 6 माह में बेचे 2,00,452 कॉमर्शियल वाहन

■ नई दिल्ली

चालू वित्तीय वर्ष 2027 की पहली छमाही के दौरान भारत में वाणिज्यिक वाहन सेगमेंट में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। बीते छह महीनों के दौरान टाटा मोटर्स ने 2,00,452 कॉमर्शियल वाहनों की बिक्री की है। कंपनी के इतिहास में यह दूसरी बार है जब छह महीनों में दो लाख से अधिक कॉमर्शियल वाहन बिके हैं। इससे पहले वित्तीय वर्ष 2019 की पहली छमाही में कंपनी ने 2.20 लाख से अधिक वाहन बेचे थे। समग्र वाणिज्यिक वाहन उद्योग की बात करें तो अप्रैल से सितंबर 2026 के दौरान देश में कुल 5,74,255 कॉमर्शियल वाहनों की होलसेल बिक्री हुई, जो बीते वर्ष की इसी अवधि के मुकाबले 24 प्रतिशत अधिक है।



इस पूरे सेगमेंट में टाटा मोटर्स की बाजार हिस्सेदारी करीब 35 प्रतिशत रही। टाटा मोटर्स ने बीते वर्ष की पहली छमाही में बिके 1,56,973 वाहनों की तुलना में इस बार 28 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की है। इस सेगमेंट में ट्रकों, बसों और लोडिंग वाहनों की मांग में भारी बढ़ोतरी देखी गई है। वाणिज्यिक वाहन बाजार में बिक्री के मामले में दूसरे स्थान पर महिंद्रा एंड महिंद्रा रही, जिसने 20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,65,038 वाहन बेचे। तीसरे स्थान पर अशोक लेलैंड रही, जिसकी बिक्री 24 प्रतिशत बढ़कर 1,05,877 यूनिट तक पहुंच गई। वहीं, चौथे स्थान पर मौजूद वीईसीवी-आइशर ने 24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 48,405 वाहन बेचे, जबकि मारुति सुजुकी इंडिया 18 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 20,020 कॉमर्शियल वाहनों की बिक्री करके पांचवें स्थान पर रही।